yashbharat.co.in
हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें
रोज पढ़ते हैं 2 लाख यूजर
नये जमाने के साथ..
# यश भारत
● वर्ष- 17 अंक 153 ● कटनी ● बुधवार, 5 जुलाई, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● प्रथम श्रावण मास कृष्ण पक्ष 1 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935

**आज का मौसम**
आज सुबह का तापमान
26.0 डिसे
दोपहर 12 बजे तक
31 डिसे
मौसम रहेगा शुष्क

## राजोरी कार दुर्घटना में चार लोगों की मौत

**जम्मू ,ईएमएस।** जम्मू-कश्मीर के राजोरी में कार दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई है और पांच घायल हुए हैं। जीएमसी, राजोरी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. महमूद हुसैन बजार ने बताया कि घायलों का राजोरी के सरकारी मेडिकल में इलाज चल रहा है। घटना राजोरी के थानामंडी इलाके की है।

# गर्मी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड
# दुनिया का अबतक का सबसे गर्म दिन रहा 3 जुलाई
## वैज्ञानिक बोले- यह मौत की सजा है

■ वाशिंगटन, एजेंसी।

दुनिया भर में चल रही लू के कारण मंगलवार को औसत वैश्विक तापमान 17.01 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इस तापमान ने साल 2016 में बने पिछले रिकॉर्ड 16.92 डिग्री सेल्सियस को पीछे छोड़ दिया है। जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। बढ़ती गर्मी से पूरी दुनिया हाल बेहाल है। इस बीच, अमेरिका के नेशनल सेंटर फॉर एनवायरनमेंटल प्रेडिक्शन ने गर्मी को लेकर एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें बताया गया है कि वैश्विक स्तर पर 3 जुलाई अब तक का सबसे गर्म दिन रहा। वैज्ञानिकों ने कहा कि बढ़ती गर्मी कोई जश्न नहीं, बल्कि लोगों के लिए मौत की सजा है।



### सात साल पहले का रिकॉर्ड टूटा

बता दें, दुनिया भर में चल रही लू के कारण मंगलवार को औसत वैश्विक तापमान 17.01 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इस तापमान ने साल 2016 में बने पिछले रिकॉर्ड 16.92 डिग्री सेल्सियस को पीछे छोड़ दिया है। वहीं, दक्षिणी अमेरिका हाल के सप्ताहों में भीषण गर्मी से जूझ रहा है। इसके अलावा, चीन में भी लोग गर्मी की मार झेल रहे हैं। यहां 35 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान बना हुआ है। वहीं, उत्तरी अफ्रीका में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस के करीब दर्ज किया गया है। परेशान करने वाली बात यह है कि जहां सर्दियों का मौसम है, वहां भी गर्मी महसूस की जा रही है।

### सर्दी के मौसम में भी गर्मी की मार

रिपोर्ट में कहा गया है कि अंटार्कटिका में इस समय सर्दियों का मौसम है, लेकिन यहां असामान्य रूप से उच्च तापमान दर्ज किया गया है। अर्जेंटीना द्वीप समूह में यूक्रेन के वर्नाडस्की रिसर्च बेस ने हाल ही में 8.7 डिग्री सेल्सियस के साथ अपने जुलाई तापमान रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

### वैज्ञानिकों ने बताया कारण

ब्रिटेन के जलवायु वैज्ञानिक फ्रेडरिक ओटो ने बढ़ते तापमान को लेकर कहा कि यह कोई मील का पत्थर नहीं है, जिसका हमें जश्न मनाना चाहिए। यह लोगों के लिए मौत की सजा है। वहीं, अन्य वैज्ञानिकों ने कहा कि जलवायु परिवर्तन इसके लिए जिम्मेदार है। शोधकर्ताओं का मानना है कि अल नीनो नामक प्राकृतिक मौसम घटना और इंसानों की ओर से कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन के संयोजन से गर्मी बढ़ रही है। बता दें, भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह का तापमान बढ़ने की घटना च्अल नीनोज् कहलाती है।

## सूर्य में हुआ शक्तिशाली धमाका, अमेरिका और प्रशांत महासागर में रेडियो ब्लैकआउट

सूर्य से एक शक्तिशाली विस्फोट के कारण संयुक्त राज्य अमेरिका और प्रशांत महासागर के कुछ हिस्सों में रेडियो ब्लैकआउट हो गया है. यह विस्फोट रविवार को सूर्य से निकलकर लाखों किलोमीटर प्रति घंटे की गति से आंतरिक ग्रहों की ओर बढ़ता हुआ चला गया. यह विस्फोट एक सनस्पॉट से हुआ, जो पृथ्वी की चौड़ाई से लगभग सात गुना बड़ा था, और इसे नासा के सोलर डायनेमिक्स ऑब्ज़र्वेटरी द्वारा देखा गया, जो लगातार सूर्य पर नज़र रखता है.। सनस्पॉट में होने वाला शक्तिशाली विस्फोट रेडियो संचार, इलेक्ट्रिक पावर ग्रिड और नेविगेशन सिग्नल को प्रभावित कर सकते हैं और अंतरिक्ष यान और अंतरिक्ष यात्रियों के लिए जोखिम पैदा कर सकते हैं. नासा ने एक ब्लॉग अपडेट में कहा, 'इस फ्लेयर को ङ्ग1.0 फ्लेयर के रूप में वर्गीकृत किया गया है. एक्स-क्लास सबसे तीव्र फ्लेयर को दर्शाता है।

## विक्षिप्त पर गंदगी करने वाला गिरफ्तार ,लगा एनएसए
# आरोपी के खिलाफ होगा बुलडोजर एक्शन

■ सीधी, यशभारत।

आदिवासी युवक के ऊपर लघुशंका करने वाले भाजपा नेता को पुलिस टीम ने मंगलवार की देर रात करीब ढाई बजे उसके गांव के पास से ही गिरफ्तार कर लिया है। जिसे पुलिस रात में थाना लेकर पहुंच गई। उस पर एनएसए लगाया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजुलता पटले समेत भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस आरोपित से पूरे घटना को लेकर बारीकी से पूछताछ कर रही है। घटना के बाद भाजपा अपना कार्यकर्ता या पदाधिकारी नहीं मान रही है वही भाजपा के कद्दावर नेता सहित स्थानीय स्तर के नेता लगातार हमला कर रहे हैं। बता दें कि पकड़े जाने के दौरान आरोपित भगवा कलर के गमछा से सिर ढका हुए था। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आरोपित को ऐसी सजा मिले जो नजीर बन जाए। सीएम शिवराज के निर्देश के बाद आरोपित पर एनएसए लगाया गया था और अब उसके घर पर



बुलडोजर चलाने की तैयारी है।इसी बीच गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि आरोपी के खिलाफ बुलडोजर एक्शन होगा। बता दें कि बता दें भाजपा नेता प्रवेश शुक्ला पुत्र रमाकांत शुक्ला निवासी कुबरी ने करीब एक सप्ताह पहले बहरी बाजार में ही रात के समय नशे की हालत में एक आदिवासी युवक के ऊपर लघुशंका कर दिया। मंगलवार को को यह वीडियो तेजी से इंटरनेट मीडिया में वायरल हुआ। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट कर युवक को गिरफ्तार करने एवं कड़ी सजा देने के निर्देश दिए। बहरी थाना में एफआइआर दर्ज करने के बाद पुलिस चप्पे-चप्पे पर तैनात हो गई। आरोपित को पकड़ने के लिए देर रात तक छापामार कार्रवाई की गई। मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जिसका नतीजा रहा कि आरोपित पकड़ा जा सका।

### राजस्व अमला पहुंचाघर, कार्रवाई शुरू

प्रवेश शुक्ला के घर राजस्व अमला पहुंच चुका है, लेकिन भाजपा नेता के इस कृत्य को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ट्वीट पर हमला बोल रहे हैं। बसपा सुप्रीमो ने ठीक किया है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरुण यादव ने ट्वीट किया है यह नियुक्ति पत्र उन लोगों के लिए है जो बोल रहे हैं प्रवेश शुक्ला भारतीय जनता पार्टी का सदस्य नहीं है। वह भारतीय जनता युवा मोर्चा में मंडल उपाध्यक्ष है। विधायक केदारनाथ शुक्ला ने उसे अपना प्रतिनिधि बनाया है। अपने ट्वीट में भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल कुचवाही का एक पत्र भी संलग्न किया है जिसमें प्रवेश शुक्ला का नाम चौथे नंबर पर है। लेटर पैड पुष्पराज सिंह चौहान मंडल अध्यक्ष के नाम से है। हालांकि इस लेटर पैड में दिनांक का उल्लेख नहीं किया गया है।

## एनसीपी पर फैसले का दिन आज
# शरद पवार धड़े ने विधायकों को जारी किया व्हिप

■ मुंबई, एजेंसी।

महाराष्ट्र की राजनीति में जारी सियासी घमासान के बीच बुधवार, 5 जुलाई का दिन अहम होने जा रहा है। आज शरद पवार और अजित पवार दोनों ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की बड़ी बैठक बुलाई है और सभी नेताओं को मौजूद रहने को कहा गया है। मतलब आज जिस के खेमे में ज्यादा विधायक और सांसद नजर आएंगे, एनसीपी पर उसका कब्जा माना जा रहा है। पहले अजित पवार गुट की बैठक होगी। यदि यहां पार्टी के दो तिहाई विधायकों (यानी कम से कम 36) की संख्या नहीं जुटी तो सियासी जंग और दिलचस्प हो जाएगी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दोनों गुट आज शक्ति प्रदर्शन करेंगे। एनसीपी प्रमुख शरद पवार की ओर से विधायकों को बैठक में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया गया है। पवार ने विधायकों को खुद फोन भी किया। वहीं, उपमुख्यमंत्री अजित पवार का गुट एनसीपी के 58 में



से 40 विधायकों के समर्थन का दावा कर रहा है। इससे शरद पवार गुट आशंकित है।

**दोपहर में बैठक करेंगे शरद पवार** - शरद पवार गुट ने दक्षिण मुंबई स्थित यशवंतराव चव्हाण प्रतिष्ठान में तो अजित गुट ने बांद्रा स्थित एमईटी परिसर में पार्टी विधायकों समेत प्रदेश, जिला व तालुका स्तर के पदाधिकारियों की बैठक बुलाई है। शरद पवार गुट की ओर से जितेंद्र आव्हाड ने व्हिप जारी किया है। उन्होंने बताया कि बुधवार को शरद पवार ने दोपहर एक बजे के करीब बैठक बुलाई है। बैठक में सभी विधायकों का उपस्थित होना जरूरी है। वहीं, अजित पवार गुट की ओर से सुनील टाटकारे बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जिसके लिए शिवाजीराव गरजे ने बैठक बुलाई है।

### शरद पवार ने अपनी तस्वीर लगाने पर जताई आपत्ति

अजित गुट ने दक्षिण मुंबई स्थित सरकारी बंगला नंबर ए-5 में मंगलवार को एनसीपी का नया दफ्तर खोला है। खास बात यह है कि यहां शरद पवार की तस्वीर लगाई गई। हालांकि शरद पवार ने इसपर आपत्ति जताते हुए कहा, जो लोग मेरी विचारधारा से सहमत नहीं हैं, उन्हें मेरी तस्वीर लगाने का अधिकार नहीं है। मेरे जीते जी मेरी तस्वीर कहां लगेगी, यह तय करना मेरा अधिकार है। पुणे एनसीपी शहर कार्यसमिति ने बैठक कर शरद पवार को समर्थन देने का प्रस्ताव पारित किया। साथ ही, पार्टी को तोड़ने के लिए भाजपा की आलोचना की गई। वहीं, नागपुर जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने अजित पवार और प्रफुल्ल पटेल की तस्वीरें निकाल दी। दूसरी ओर, नासिक में पार्टी दफ्तर पर कब्जे के लिए शरद पवार और अजित पवार गुट के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए जिससे पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा।

# 10 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा कर्मचारी बर्खास्त, जेडओ सस्पेंड

■ ग्वालियर, यशभारत।

भवन निर्माण की अनुमति देने के लिए 10 हजार रुपये रिश्वत लेने पहुंचे नगर निगम के आउटसोर्स कर्मचारी को गोला का मंदिर चौराहे के पास लोकायुक्त टीम ने रंगे हाथ पकड़ लिया। कर्मचारी विवेक तोमर जेडओ उत्पल भदौरिया के कहने पर रुपये लेने पहुंचा था। सौदा 15 हजार रुपये में तय किया था। पांच हजार जेडओ ने पहले ले लिए थे। मामले में मुख्य आरोपित



जेडओ को सस्पेंड और आउटसोर्स कर्मचारी को बर्खास्त किया गया है। महाराणा प्रताप नगर भिंड रोड पर रहने वाले भूतपूर्व सैनिक राकेश सिंह सिकरवार के डीडी नगर में दो प्लाट हैं। जिस पर वह भवन निर्माण की अनुमति के लिए क्षेत्रीय कार्यालय जोन -8 मुरार में मई 2023 में आवेदन किया था। फाइल जब अनुमति के लिए जेडओ उत्पल भदौरिया के पास पहुंची तो अनुमति देने के एवज में जेडओ ने 30 हजार रुपये की मांग की। सौदा 15 हजार रुपये में तय हुआ। पांच हजार रुपये राकेश ने बतौर एडवांस दे दिए। इसके बाद भी फाइल आगे नहीं बढ़ी।

### अड़ गया था जेडओ उत्पल भदौरिया

भवन निर्माण के लिए रिश्वत की बात तय होने पर पाच हजार एडवांस लेने के बाद भी जेडओ उत्पल भदौरिया फाइल पर साइन नहीं कर रहा था। जेडओ इस बात पर अड़ गया कि जब तक शेष दस हजार रुपये और नहीं मिलेंगे तब तक अनुमति नहीं दी जाएगी। निरीक्षक लोकायुक्त कवींद्र सिंह चौहान ने बताया कि राकेश ने लोकायुक्त में शिकायत की थी, जिसके बाद तय योजना के मुताबिक राकेश ने जेडओ से संपर्क किया और रिश्वत के 10 हजार रुपये देने की बात की। बातचीत की रिकार्डिंग की गई। जेडओ सोमवार को पैसा लेने के लिए आने वाला था, लेकिन किसी कारण दोनों का संपर्क नहीं हो सका। मंगलवार को राकेश ने जेडओ को फोन लगाया। इस पर जेडओ ने कहा कि वह बैठक में है, पैसा लेने के लिए आउटसोर्स कर्मचारी विवेक तोमर को भेज रहा है। जैसे ही विवेक ने राकेश के हाथ से उसे 10 हजार रुपये लिए टीम ने उसे दबोच लिया।

# रीवा में भीषण आग से खाक हुई दर्जनों गाड़ियां

■ रीवा, यशभारत।

रीवा में एक कोल्ड स्टोरेज बिल्डिंग में भीषण आग लग गई। मंगलवार देर रात लगी आग पर बुधवार सुबह तक पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका है। आग में 50 गाड़ियां जल गई। डेढ़ करोड़ का केला, मशीन और प्रिंटिंग प्रेस भी जलकर कबाड़ हो गई हैं। सिविल लाइन थानाक्षेत्र के के कॉलेज चौराहा रोड स्थित भगवान शीत भंडार कोल्ड स्टोरेज में यह आग लगी। बिल्डिंग में लगी आग पर सुबह 8 बजे तक काबू नहीं पाया जा सका था। बताया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी।भीषण आग में चार दर्जन से ज्यादा गाड़ियां कबाड़ हो गई हैं। यहां रखा करीब 2 करोड़ का केला भी जल गया जबकि मशीनें और प्रिंटिंग प्रेस भी जल गई। रातभर दमकलें आग बुझाती रहीं, करीब दो दर्जन फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई। घटना की जानकारी मिलते ही ष्टस्क्कशिवाली चतुर्वेदी और ञ्जढ्ढ राजकुमार मिश्रा भी मौके पर पहुंच गए थे। बताया जा रहा है कि अब लपटें तो नहीं दिख रही पर राख के ढेर में अभी भी अंगार धधक रहे हैं। कोल्ड स्टोरेज बिल्डिंग में करीब 50 गाड़ियां रखीं थीं जोकि आग में जलकर कबाड़ हो गई हैं।



40 साल पुरानी इस बिल्डिंग में कई दुकानें और ऑफिस हैं। बिल्डिंग के मालिक विजय सिंह हैं जिनका यहां केला के लिए कोल्ड स्टोर बना है, इसके अलावा बर्फ त था आइसक्रीम फैक्ट्री भी है। बिल्डिंग में खुली ऑटो पार्ट्स दुकान में टूव्हीलर - स्कूटर खरीदने और नई करके बेचने का भी काम होता है। यहां रखीं 50 गाड़ियां जलकर पूरी तरह खाक हो गईं। दुकान के मालिक रहीस खान ने बताया कि रात 12.30 बजे करीब बिल्डिंग में आग लगी और देखते ही देखते फैल गई। भीषण आग से गाड़ियों के टायरों में धमाके होने लगे जिससे आग और तेजी से फैलती गई। बिल्डिंग के आसपास रहने वाले रातभर जागते रहे।

## मणिपुर में हथियार लूटने IRB कैंप में घुसी भीड़, जमकर चलीं गोलियां, एक की मौत

■ इंफाल, एजेंसी।

मणिपुर में 3 मई की रात को हिंसा भड़की थी. 2 महीने पूरे हो गए हैं. राज्य और केंद्र सरकार दोनों शांति के लिए प्रयास कर रहे हैं. लेकिन, हिंसा है कि थमने का नाम नहीं ले रही. मंगलवार, 5 जुलाई को मणिपुर के थौबल जिले में संघर्ष देखने को मिला. भीड़ ने कथित तौर पर इंडियन रिजर्व फोर्स के एक कैंप से हथियार और गोला-बारूद लूटने की कोशिश की. भीड़ को रोकने के लिए सुरक्षाकर्मियों ने हवाई फायरिंग की, जिसमें 27 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई. इस पूरी झड़प के दौरान असम राइफल्स के एक जवान के पैर में भी गोली लगी है। रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों ने बताया कि भीड़ ने हथियार और गोला-बारूद लूटने के लिए खंगाबोक इलाके में तीसरी आईआरबी बटालियन के शिविर पर हमला करने की कोशिश की. भीड़ ने सेना के वाहन को भी आग लगा दी. सुरक्षाबलों ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पहले आंसू गैस के गोले और रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया. जैसे ही सशस्त्र भीड़ ने गोलियां चलाई, सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की.इस दौरान एक युवक को गोली लगी।

## इंदौर पुलिस की बर्बरता
# चोरी के शक में महिला को बेल्ट-डंडों से पीटा, घाव छिपाने को बर्फ से की सिंकाई

■ इंदौर, ईएमएस।

तिलक नगर थाने के पुलिसकर्मियों ने एक महिला को इतना पीटा कि उसकी हड्डी टूट गई। महिला को 21 लाख रुपये चुराने के आरोप में बयान देने बुलाया था। आठ बार कथन लेने पर भी चोरी नहीं स्वीकारने पर महिला की बेल्ट और डंडे से पिटाई कर दी। घाव छिपाने के लिए महिला आरक्षक से बर्फ की सिंकाई करवाई।महावीर मार्ग (धार) निवासी 46 वर्षीय रचना शर्मा को एसआइ सुरेंद्रसिंह पांच दिन से पूछताछ करने बुला रहे थे। रविवार दोपहर रचना के कथन दर्ज किए और बातचीत के बहाने प्रथम मंजिल पर बने कक्ष में बंद कर दिया। आरोप है कि पुलिसवालों ने डंडे और बेल्ट से पिटाई की और कहा कि चोरी स्वीकार ले। रचना को पुरुष पुलिसकर्मियों ने भी डंडे मारे, जिससे बाएं कंधे के पास की हड्डी टूट गई।रचना की पिटाई के समय चचेरे भाई लक्ष्य द्विवेदी, अक्षत द्विवेदी, बहन सुनयना शर्मा, जीजा परेश जोशी और चाचा श्रीकांत (रमण द्विवेदी) भी थाने में मौजूद थे। रचना की चीख सुन स्वजन बचाने दौड़े, लेकिन पुलिसकर्मियों ने धमकाया और रोक लिया। चोट के निशान छिपाने के लिए एसआइ सुरेंद्र ने



महिला पुलिसकर्मी से बर्फ की सिंकाई करवाई। रात 9 बजे तक थाने में रखा और यह बोलकर छोड़ा कि दोबारा थाने आना पड़ेगा।दो जुलाई को मुझे बयान के लिए थाने बुलाया था। 12 बजे पहुंची तो तीन बजे तक बयान व पूछताछ चलती रही। इसके बाद एक महिला आरक्षक (जिसके दांत में तार लगा है) ऊपर बने कमरे में ले गई। मेरे साथ बर्बरता से पिटाई की। मैं चीखी तो उसने दरवाजा बंद कर दिया। इसके बाद मेरे भाई यश द्विवेदी को दूसरे कमरे में ले जाकर बेरहमी से पीटा। मुझे दोनों हाथ-पैर, जांघ और कूल्हे पर भी गहरे घाव बन गए। ईओडब्ल्यू उज्जैन के एडीपीओ के दबाव में पुलिस महिला से बार-बार कर रही है पूछताछ, चोरी को स्वीकार करवाने के लिए बुरी तरह से पीटा गया। रचना के चाचा रमण द्विवेदी साहित्यकार हैं। उन्होंने परिचित पुलिसकर्मियों से बात की और सोमवार को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मनीष कपूरिया को घटना बताई।

# चीन में आ गई तबाही!
## कुदरत के कहर से चारों ओर त्राहिमाम, घरों में दुबके लोग

■ बीजिंग, एजेंसी।

चीन में इस वक्त प्राकृतिक आपदाओं के चलते लाखों लोगों की जान मुसीबत में फंसी हुई है. कहीं भारी बारिश के चलते बाढ़ की समस्या शुरू हो गई है तो कहीं बढ़ते तापमान के चलते चीन के लोगों का हाल बेहाल है. समाचार एजेंसी ने बताया कि चीनी अधिकारियों ने जुलाई महीने में कई प्राकृतिक आपदाओं की चेतावनी दी है. समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, देश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के कारण हजारों लोग प्रभावित हो चुके हैं. उन सभी को विभाग की चेतावनी को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित जगह पहुंचाया



गया. शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक मौसम एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि देश को जुलाई में बाढ़, आंधी और प्रचंड गर्मी सहित कई प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ सकता है. ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक इस साल की गर्मी ने चीन में 60 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है और चिलचिलाती धूप के चलते सैकड़ों लोग जानलेवा लू के चपेट में आ चुके हैं।

## शिवनाथ नदी में डूबने से दो इंजीनियरिंग छात्र


■ दुर्ग/भिलाई, यशभारत।

छत्तीसगढ़ के दुर्ग में शिवनाथ नदी में महमरा एनीकट के पास मंगलवार को दो छात्रों की डूबने से मौत हो गई। घटना के समय दोनों नहाने के लिए उतरे थे। इस दौरान ही एक युवक गहरे में चला गया। उसे बचाने के फेर में दूसरा युवक भी डूब गया। उनके साथ गए दोस्तों ने मदद की पुकार लगाई। आसपास मौजूद लोगों ने गोताखोरों की मदद से दोनों छात्रों की तलाश शुरू की।करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद दोनों छात्रों का शव निकाला जा सका। मृतक में हर्षित सुपेला एवं सुनील साहू महासमुंद का निवासी था। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि दोनों इंजीनियरिंग कालेज के छात्र थे। हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

# मुंबई में टमाटर 160 रुपए के पार

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

देश में इस वक्त टमाटर महंगाई की आंसू रुला रहा है. देश के प्रमुख शहरों में टमाटर की खुदरा कीमतें कहीं 100 से 120 रुपये प्रति किलो तो कहीं 120 से 160 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है. आंकड़ों से पता चलता है कि मंगलवार को पूरे मुंबई के खुदरा बाजारों में टमाटर की कीमत 160 रुपये प्रति किलोग्राम की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई है. व्यापारियों को आशंका है कि कुछ दिनों में टमाटर की कीमत 200 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती है।



## हरी मिर्च और अदरक ने भी बिगाड़ा स्वाद

### मिर्ची की कीमत में दोगुना उछाल

कुछ दिन पहले तक 40 से 50 रुपये किलो बिकने वाली हरी मिर्च के दाम अचानक से डबल हो गए हैं. थोक में 50 से 75 रुपये किलो मिर्च मंडी में बिक रही है. जबकि खुदरा में मिर्च का भाव 80 से 120 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है. चेन्नई में हरी मिर्च 200 रुपये किलो हो गई है।

### टमाटर के साथ-साथ अदरक का भी दाम हुआ दोगुना

वहीं अदरक 100-120 रुपये से 250-350 रुपये प्रति किलो बिक रहा है. वहीं हरी मिर्च सामान्य 100 रुपये से अधिक 200-300 रुपये प्रति किलो पर जेब ढीली कर रही है. पश्चिम बंगाल में टमाटर की कीमत 150 रुपये प्रति किलोग्राम है. वहीं कोलकाता में 148 रुपये. दिल्ली और चेन्नई में कीमतें क्रमशः 110 रुपये और 117 रुपये प्रति किलो थीं. बता दें कि पिछले दो हफ्ते में टमाटर पैदा करने वाले राज्यों से सप्लाई बाधित हुई है, जहां टमाटर की तुड़ाई और इसका ढुलाई पर असर पड़ा है।

### टमाटर की बढ़ती कीमतों को सरकार ने बताया मौसमी महंगाई

सरकार का कहना है कि टमाटर की कीमतों में मौजूदा बढ़ोतरी एक मौसमी मामला है और इस वक्त कीमतें आम तौर पर ऊंची रहती हैं. अगले 15 दिनों में कीमतें नरम होने और एक महीने में सामान्य होने की उम्मीद है. देश के तमाम शहरों में टमाटर 100 रुपये प्रति किलो से ऊपर बना हुआ है, टमाटर के साथ-साथ मिर्च ने भी अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है।

# नगालैंड में भारी बारिश से पहाड़ी से बड़ी चट्टानें खिसकी
## 5 सेकेंड में मलबा बनीं दो गाड़ियां; 2 की मौत, 3 गंभीर रूप से घायल

■ कोहिमा, एजेंसी।

नगालैंड में मंगलवार शाम को एक दर्दनाक हादसा हुआ। यहां भारी बारिश की वजह से पहाड़ी पर भूस्खलन हुआ। इससे पहाड़ी से बड़े-बड़े पत्थर गिरने लगे और उसकी चपेट में सड़क मार्ग पर चल रहीं दो कारें आ गईं। इस दौरान दो लोगों की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जानकारी के मुताबिक, दीमापुर और कोहिमा के बीच चुमौकेदिमा जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 29 पर भारी बारिश के बीच शाम करीब पांच बजे हुई दुर्घटना में कोहिमा की ओर से आ रही दो कारों पर



पहाड़ से पत्थर गिरे। इससे एक कार पूरी तरह से चकनाचूर हो गई और इसने दूसरी कार को भी चपेटे में लिया।अधिकारियों ने बताया एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति ने रेफरल अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। तीनों घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि चट्टानों की चपेट में आई तीन कारें तहस-नहस हो गईं। पुलिस ने कहा कि एक व्यक्ति अभी भी एक कार के अंदर फंसा हुआ है और उसे बाहर निकालने का काम जारी है।



# कार व टैंकर की टक्कर से बाइक सवार युवकों की मौत

**कुठला व उमरियापान में सड़क दुर्घटनाएं**

**कटनी, यशभारत।** कुठला व उमरियापान थाना अंतर्गत घटित दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में कार व टैंकर की चपेट में आकर दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुठला थाना अंतर्गत ग्राम मतवारी निवासी 35 वर्षीय कमलेश पिता कुन्नी मांझी कैलवाराकला के पास सड़क पार कर रहा था, तभी मैहर की ओर जा रही तेज रफ्तार कार के चालक ने टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकार उमरियापान थाना अंतर्गत ग्राम करौंदी निवासी 35 वर्षीय विनोद पिता मुन्ना उर्फ अच्छे लाल चौधरी मंगलवार सुबह बनेहरी स्थित पेट्रोल पंप से बाइक में पेट्रोल भरवाकर घर जा रहा था। उमरियापान की तरफ से जा रहे डीजल पेट्रोल के टैंकर क्रमांक एम.पी.17एचएच-2748 के चालक ने बाइक सवार युवक को बनेहरी मोड़ पर सामने से टक्कर मार दी, जिससे युवक की मौके पर मौत हो गई। वाहन छोड़कर चालक फरार हो गया। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव कब्जे में लेकर उमरियापान अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस ने टक्कर मारने वाले टैंकर को जप्त कर लिया है। दोनों ही दुर्घटनाओं में आरोपी वाहन चालकों विरूद्ध मामला दर्ज कर उनकी तलाश कर रही है।

# कानपुर सेंट्रल-एलटीटी के बीच कटनी होकर 13-13 ट्रिप स्पेशल ट्रेन

**यात्री दबाव नियंत्रित करने रेलवे का निर्णय**

**कटनी, यशभारत। उत्तर भारत से महाराष्ट्र के बीच कटनी होकर चलने वाली ट्रेनों में बढ़ते यात्री दबाव को ध्यान में रखकर रेलवे ने कानपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस के बीच कटनी होकर 13-13 ट्रिप गाड़ी संख्या 04151/04152 कानपुर सेंट्रल-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-कानपुर सेंट्रल स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है।**



रेलवे के मुताबिक गाड़ी संख्या 04151 कानपुर सेंट्रल-लोकमान्य तिलक टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 7 जुलाई से 29 सितंबर तक प्रत्येक शुक्रवार को कानपुर सेंट्रल स्टेशन से 15:45 बजे प्रस्थान कर प्रयागराज 18:10 बजे, सतना 21:05 बजे, कटनी 22:20 बजे, जबलपुर 23:30 बजे के बाद अगले दिन इटारसी 03:25 बजे, भुसावल 08:00 बजे और 14:55 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04152 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-कानपुर सेंट्रल सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 8 जुलाई से 30 सितंबर तक प्रत्येक शनिवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से 17:15 बजे प्रस्थान कर भुसावल 23:00 बजे, अगले दिन इटारसी 02:55 बजे, जबलपुर 06:15 बजे, कटनी 07:25 बजे, सतना 08:40 बजे, प्रयागराज 12:40 बजे और दोपहर 15:25 बजे कानपुर सेंट्रल स्टेशन पहुंचेगी। इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 08 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 08 शयनयान श्रेणी, 05 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 24 कोच रहेंगे। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में फतेहपुर, प्रयागराज, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी एवं भुसावल स्टेशनों पर रुकेगी।

# सेवानिवृत्त सहायक शिक्षक को शाल-श्रीफल से किया सम्मानित



**कटनी,यशभारत।** कैमोर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला बरापार में पदस्थ्य 62 वर्षीय सहायक शिक्षक रमाकांत तिवारी शिक्षा विभाग को अपनी 38 वर्षो की अनवरत सेवा उपरांत गत दिवस सेवानिवृत्त हुये। इस अवसर पर जहां एक ओर उनका विद्यालय पारिवार ने उनके सेवानिवृत्त विदाई समारोह में एक वृहद कार्यक्रम रखकर उनका सम्मान द्विगुणित करते हुये उनके सदकार्यो की मुक्तकंठ सरहाना कियेएवहीं दूसरी ओर सहायक शिक्षक श्री तिवारी द्वारा अपने गृह निवास में अपने शुभचिंतकों को आमंत्रित कर उसी दिन बेहतरीन स्वरूचि भोज का रसास्वादन कराया गया। विद्यालय में आयोजित गरिममयी कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य सरस्वती मिश्रा तथा मुख्य अतिथि की भूमिका में अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के संरक्षक सरमन लाल तिवारी मंचासीन रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में छात्रावास यूनियन के जिला अध्यक्ष अखिलेश कुमार मेहरा और दिव्यांग कल्याण प्रकोष्ठ के मौजूद थे। मंचासीन वक्ताओं ने अपने उदगार में पंडित तिवारी को एक आदर्श और छल-छिद्र कपट-पाखंड से परे रहने वाले मृदुभाषी, ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ और होनहार शिक्षक की संज्ञा से उन्हें नवाजे। इस अवसर पर उनके परिजनों और रिश्तेदारों के साथ-साथ उनके चाहने वालों का बहुत बड़ा सैलाब इकत्र होकर बेंडबाजों और नगाड़ों की ध्वनि के मध्य फूल माला, गुलदस्ता, साल, श्रीफल और तरह तरह की ज्ञानवर्धक धार्मिक पुस्तकें गिफ्ट स्वरूपभेंट कर उन्हें गरिमामयी तरीके से विदा किये।इस पुनीत अवसर पर उपस्थित शुभचिंतक जनों में सर्वश्री प्रधान पाठक अशोक निगम, टीआई रामबरन मिश्रा, बलराम सिंह पोरते, एनके विश्वकर्मा, सुरेन्द्रसिंह ठाकुर, अशोक निगम, प्रमोद प्यासी, लालजी मिश्रा, शिवकुमार सोलंकी, गणेशशंकर गर्ग, विनोदसिंह ठाकुर, देवेंद्र मिश्रा, मनोज दुबे, जमुना पटेल, राजेंद्र सिंह क्षत्रिय, मिथलेश दुबे, केशवलाल तिवारी, अंजनी गौतम सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन इन्द्रभान सिंह निगम तथा आभार प्रदर्शन नरेंद्र कुमार विश्वकर्मा ने किया।

# भाजपा की पूर्व विधायक के आईएएस पति अमर पाल सिह समेत दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**फर्जीवाड़ा कर एक महिला से उसका पेट्रोल पंप हड़पने का मामला**



**कटनी/बरही, यशभारत।** शहडोल जिले के जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी की पूर्व विधायक रहीं प्रमिला सिंह के पति आईएएस अमर पाल सिंह के साथ ही तरुणेन्द्र शर्मा निवासी शहडोल के खिलाफ जयसिंहनगर थाने में धारा 419, 420, 467, 468, 471, 406, 120 बी भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी आईएएस अमरपाल सिंह कटनी जिले में अपर कलेक्टर रह चुके है। रीवा की रहने वाली महिला खुशबू वर्मा पिता सुरेन्द्र कुमार वर्मा निवासी जोडौरी, थाना बैकुंठपुर जिला रीवा की शिकायत पर एफआईआर दर्ज किया गया है। महिला ने अजजा आयोग के साथ डीजीपी के समक्ष शिकायत की थी कि आईएएस अमरपाल सिंह और उनके सहयोगी तरुणेंद्र द्वारा मिलकर मेरे साथ धोखाधड़ी कर पेट्रोल पंप हड़पने का प्रयास किया जा रहा है। मेरे नाम पर लाखों का पेट्रोल कंपनी से लेकर व्यापार किया जा रहा है। मेरे पेट्रोल पंप मांगने पर मुझे धमकी दी जा रही है। महिला ने ये गंभीर आरोप लगाए थे। अमरपाल सिंह की पत्नी पूर्व में जयसिंहनगर से भाजपा विधायक रह चुकी है। पिछले लोक सभा चुनाव में भाजपा छोड़ कांग्रेस पार्टी की टिकट से लोकसभा चुनाव लड़ा था लेकिन पराजय का सामना करना पड़ा था। अमरपाल सिंह इससे पहले अनूपपुर, कटनी व उमरिया जिले में अलग-अलग पदों पर सेवाएं दे चुके हैं। कटनी में वे अपर कलेक्टर रहे हैं तो उमरिया जिले में कलेक्टर रहे हैं।

# अब भोपाल में पढ़ सकेगा दिव्यांग छात्र



**कटनी,यशभारत।** लखेरा के एक दिव्यांग (मूक बधिर) विद्यार्थी तरूण बर्मन उच्च शिक्षा के लिए राजधानी भोपाल जा सकेगा। सांसद वीडी शर्मा एवं कलेक्टर अवि प्रसाद की तत्परता से तरुण बर्मन का एडमिशन भोपाल में कराया गया। जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी, जिला उपाध्यक्ष रणवीर कर्ण, कार्यालय मंत्री अम्बरीष वर्मा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मर्दिुल मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारियों ने छात्र तरूण को व उसके पिताश्री को मिठाई खिलाई व उसके साहस की प्रशंसा करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



# बरही में भाजपा युवा मोर्चा का जनसम्पर्क से जनसमर्थन अभियान

**बाइक रैली निकाल जनसमर्थन बढाने का प्रयास**

**कटनी,यशभारत।** बरही नगर में भाजपा युवा मोर्चा के तत्वाधान में जनसंपर्क से जनसमर्थन अभियान के अंतर्गत बाईक रैली का आयोजन किया गया। जिसमें युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राहुल राज सोनी बरही मंडल नगर मोर्चा अध्यक्ष राज तिवारीए उपाध्यक्ष राजीव पटेल, कैलाश गुप्ता, अभय पाठक, सतीश पटेल, अंकित, राहुल जयसवाल, अंकित पाठक, अंकित तिवारी, संतोष पाण्डेय, सुशील पटेल, कपिल अग्रवाल, अमन दूवेदी, सतीश शुक्ला सहित सैकड़ों भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई। बाइक रैली नए बसस्टैंड, राममंदिर, सरस्वती शिशु मंदिर, चौक बाजार, बस स्टैंड होते हुए भाजपा कार्यलय पहुँची जहां बैठक का आयोजन किया गया।

# बीज निगम में भण्डारित बीज के उठाव के आदेश जारी

**कटनी,यशभारत।** खरीफ 2023 में धान किस्म जेआर-206 एवं आईआर-64 के प्रमाणित बीज की उपलब्ध मात्रा क्रमशः 87 एवं 155.40 क्विंटल है। प्रक्रिया प्रभारी बीज निगम द्वारा इन बीजो का उठाव कराये जाने हेतु प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों से भण्डारण आदेश दिलाने हेतु सोमवार को वीडियो कान्फ्रेसिंग समीक्षा बैठक में प्रबंध संचालक, म.प्र राज्य बीज एवं फॉर्म विकास निगम भोपाल के समक्ष कहां गया है। प्रक्रिया प्रभारी द्वारा समितियों में धान के बीज का भण्डारण कराने हेतु निवेदन किया है। किसान कल्याण तथा कृषि विभाग के उपसंचालक नें प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति ने सहायक आयुक्त सहकारिता एवं नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्री मर्यादित बैंक को कैलवारा, विपणन सहकारी समिति कटनी, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सिनगोड़ी (बरही), प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति पिपरिया (बरही), प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति देवराकला, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सलैया पटोरी, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति रीठी, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति देवगांव, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बड़गांव, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सिहुड़ी समिति में 15-20 क्विंटल प्रमाणित बीज का भण्डारण कराने से बीज निगम के पास शेष भंडारित बीज का उठाव किया जा सकता है।



# अधिवक्ताओं ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**कटनी,यशभारत।** सामान्य व ओबीसी वर्ग के विधि छात्रों को स्नातक में 70 प्रतिशत की जगह सभी वर्ग के लिए 50 प्रतिशत ही मान्य करने के साथ ही सिविल जज के फॉर्म भरने की अधिकतम आयु सभी वर्गों के लिए एक समान 40 वर्ष की जाने समेत अन्य मांगों को लेकर अधिवक्ताओं द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन देने वाले छात्र व अधिवक्तागण एडवोकेट संजय उपाध्याय, एडवोकेट अर्चना उपाध्याय, एडवोकेट आर के बक्शी, अरविंद पांडेय, एडवोकेट राजेश सिंह, एडवोकेट मनोज बाझल, एडवोकेट अजय शांडिल्य, अक्षय बजाज, अभिषेक सोनी, कमलापति तिवारी, आयुष सोनी, यशपाल सिंह, रोशनी पटेल, पूनम पटेल, श्रीकांत श्रीवास्तव, यश बड़गैयां, जाया थापा, मनु साहू, निगार सुल्ताना, शिवानी जैन, फातिमा, अशद अली, तुबा खान, चाँदनी शर्मा, प्रशांत गुप्ता, श्रीकांत श्रीवास्तव व अन्य छात्र मौजूद थे। आर के सिंह सैनी वरिष्ठ उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद व कटनी मंडला जिला प्रभारी व श्रीमती एडवोकेट अंजुला सरावगी बजाज जिला प्रतिनिधि शिकायत निवारण समिति मध्यप्रदेश प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद ने कहा है कि हम छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने के लिए ये जो काला कानून लाया जा रहा है इसको समाप्त करने में पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे व विधि शंकाय के छात्रों के भविष्य को बचाएंगे।

# आउटसोर्स कर्मचारियों के दस्तावेजों का होगा सत्यापन

**उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को दिए जांच के निर्देश**

**कटनी,यशभारत।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को सुचारू रूप से संपन्न कराये जाने के लिए अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रोमानुस टोप्पो ने आदेश जारी कर वेंडर द्वारा आउटसोर्स से उपलब्ध कराये गये कर्मचारियों की शैक्षणिक योग्यता, दस्तावेज एवं कार्यानुभव का परीक्षण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री टोप्पो द्वारा जारी आदेशानुसार जिला संस्थागत वित्त अधिकारी ,जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एनआईसी एवं प्रबंधक ई-गवर्नेंस कटनी को निविदा शर्तों तथा शासन निर्देशों के अनुरूप आउटसोर्स से उपलब्ध कराये गये कर्मचारियों की कर्मचारियों की शैक्षणिक योग्यता, दस्तावेज एवं कार्यानुभव का परीक्षण करनें तथा जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करनें के निर्देश दिए है। विदित हो कि आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को सुचारू रूप से संपन्न कराये जाने के लिए अस्थायी पदों की स्वीकृति मध्यप्रदेश शासन विधि और विधायी निर्वाचन कार्य विभाग के माध्यम से प्रदान की गयी है। शासन निर्देशों के परिपालन में विभागीय पत्र के माध्यम से कटनी कम्प्यूटर सिस्टम, मुख्य डाकघर के पास, चर्च के सामने कटनी को स्वीकृत पदों पर नियुक्ति तथा आउटसोर्स से पदों की पूर्ति किये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है। बेण्डर द्वारा पदों की पूर्ति सहायक प्रोग्रामर, डाटा एण्ट्री ऑपरेटर, सहायक ग्रेड-3 एवं नृत्य की जाकर कर्मचारी उपलब्ध कराये गये हैं।

# अखिल भारतीय वित्तीय साक्षरता प्रश्नोत्तरी का हुआ आयोजन

**सीएम राईज स्कूल के आशुतोष एवं ओम ने हासिल किया प्रथम स्थान**



**कटनी,यशभारत।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने हेतु अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी क्रम में इस वर्ष शासकीय विद्यालयों के कक्षा 8 से 10वीं के विद्यार्थियों हेतु अखिल भारतीय वित्तीय साक्षरता प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्रश्नोत्तरी विकासखंड स्तर से प्रारम्भ की जाकर राष्ट्रीय स्तर पर समापन होगा। कटनी जिले में भारतीय रिजर्व बैंक वित्तीय साक्षरता प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर विद्यालय माधव नगर कटनी में किया गया। इस प्रतियोगिता में 6 विकासखण्डों से 12 टीमों ने भाग लिया। लिखित प्रतियोगिता के बाद 4 टीमों का चयन कर उनका क्विज ऑडियो भी उनसे जारी कराया गया। प्रतियोगिता मे सीएम राइस माडल स्कूल कटनी की टीम के विद्यार्थी आशुतोष मानके तथा ओम तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयराघवगढ़ के उत्कर्ष तिवारी एवं वैष्णवी सोनी ने द्वितीय तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्हवारा के सिद्धार्थ मौर्य एवं अंचल प्रजापति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त टीम को 10 हजार रूपये का पुरस्कार तथा द्वितीय स्थान प्राप्त इनको 8 हजार 500 रूपये का एवं तृतीय स्थान की टीम को 5 हजार रूपये का पुरस्कार प्रदान किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना है। अब जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त टीम 15 जुलाई को राज्य स्तर पर सहभागिता करेगी।

# भारत निर्माण नि:शुल्क कोचिंग के संचालन-प्रबंधन सहित आवश्यकताओं के आंकलन के लिए बैठक



**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर कटनी जिले के युवाओं को राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी एवं मार्गदर्शन हेतु जिला प्रशासन कटनी ने अभिनव पहल करते हुए नि:शुल्क भारत निर्माण कोचिंग पुनः शुरु की जा रही है। कोचिंग के संचालन, प्रबंधन एवं आवश्यकताओं के आंकलन का प्रस्ताव तैयार करने हेतु विगत दिवस नगरपालिक निगम कार्यालय में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। निगमायुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे ने बताया की आयोजित बैठक के दौरान नि:शुल्क कोचिंग भारत निर्माण का संचालन नगर स्थित के.सी.एस. उच्चतर माध्यमिक शाला परिसर कटनी के हॉल में करने का निर्णय लिया गया। कोचिंग संचालन हेतु हॉल की आवश्यक मरम्मत, पुताई, विद्युत फिटिंग, प्रकाश व्यवस्था, पंखे, पर्दे, आलमारी, टेबल, कुर्सी, पेपर स्टैण्ड, साफ-सफाई, पेयजल इत्यादि कार्यो की व्यवस्था नगर निगम द्वारा पूर्ण की जाएंगी।

छात्रों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए स्मार्ट बोर्ड, साउंड सिस्टम, शिक्षकों के लिये डाईस, कॉल बैग की व्यवस्था, प्रचार-प्रसार, विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की व्यवस्था, कक्षाओं का कलेण्डर, विद्यार्थियों का पंजीयन सहित पूर्व में भारत निर्माण कोचिंग के स्टॉफ की व्यवस्था तथा प्रस्तावित कोचिंग के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने हेतु जिला साक्षरता सह समन्वयक द्वारा सहमति प्रदान की गई। बैठक के दौरान उपरोक्त समस्त कार्य व्यवस्थाओं को आगामी 10 जुलाई 2023 तक पूर्ण कराने का निर्णय लिया गया।

# विधानसभा निर्वाचन 2023 के सेक्टर एवं रूटचार्ट तैयार करने के निर्देश

**कटनी,यशभारत।** विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु मतदान दलों को मतदान केन्द्रों तक भेजने एवं निर्वाचन पश्चात वाहनों को वापस लानें के लिए मतदान कार्यक्रम हेतु सेक्टर एवं रूटचार्ट तैया करने के निर्देश दिए गए है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अनुभाग कटनी, विजयराघवगढ़, बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा के अनुविभागीय अधिकारी तथा तहसील कटनी, कटनी नगर,बरही, बड़वारा, रीठी, विजयराघवगढ़, बहोरीबंद, स्लीमनाबाद, एवं ढीमरखेड़ा के तहसीलदार को विधानसभा वार सेक्टर एवं रूटचार्ट तीन प्रतियों में तैयार कर कार्यालय को उपलब्ध करानें के निर्देश दिए है।



यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, बुधवार, 05 जुलाई 2023

आप तक आपका प्रिय अखबार यश भारत नहीं पहुंच रहा हो तो हमें शीघ्र सूचित करें
फोन- 230033, मो. 9425362893, 8839684296
कार्यालय:- कचहरी चौक, कटनी

## सोशल मीडिया में वायरल हुआ धान में पानी मिलाकर वजन बढ़ाने का वीडियो

### स्लीमनाबाद के के गुरुकृपा वेयर हाउस का मामला, वीडियो वायरल होने के बाद अधिकारियों ने मौके पर बनाया पंचनामा



**कटनी, यशभारत।** वेयर हाऊस में भंडारित की गई धान में पानी मिलाकर धान का वजन बढ़ाने का एक वीडियो कल शाम सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो में साफ तौर पर नजर आ रहा है कि वेयर हाऊस के कर्मचारी धान का वजन बढ़ाने के लिए पानी मिला रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाया गया है और कार्रवाई की बात कही जा रही है। इस पूरे मामले में राज्य आपूर्ति निगम के अधिकारियों और वेयर हाऊस संचालकों के बीच सांठगांठ की चर्चाएं भी सामने आई हैं। खास बात यह है कि इस मामले में अब तक प्रशासन ने भी संज्ञान नहीं लिया है। गौरतलब है कि राज्य सरकार के निर्देश पर मध्यप्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा हर साल किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जाती है। किसानों से धान को खरीदकर शासकीय और निजी वेयर हाऊस में रखा जाता है। यहां से धान को मिलिंग के लिए अनुबिंधित राईस मिलों को दिया जाता है। यह प्रक्रिया पूरे साल चलती रहती है। कटनी जिले में पिछले कुछ सालों में मध्यप्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अफसरों की मनमानी कार्यप्रणाली के चलते कई तरह विसंगतियां सामने आई है। वेयर हाऊस से भंडारित करीब 18 हजार क्विंटल धान की चोरी का मामला भी सामने आ चुका है। जिसकी जांच भोपाल से आए अफसरों ने की थी। इसी तरह मझगवां स्थित ओपन कैप में स्टाक की गई धान का समय रहते उठाव नहीं किए जाने की वजह से यहां रखी हजारों क्विंटल धान बरसात के पानी में बर्बाद हो गई। बोरियों में धान अंकुरित होने के बाद हड़कम्प मच गया। इसके बाद भी दोषी अफसरों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाय कॉरपोरेशन स्लीमनाबाद कोडिया के गुरुकृपा वेयर हाउस में कर्मचारियों द्वारा धान में पानी डालने का वीडियो सोशल मीडिया में सामने आया है, हालांकि यशभारत इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वीडियो में साफ तौर पर दिख रहा है कि कतिपय कर्मचारी धान में पानी मिला रहे हैं। ऐसा इसलिए किया जा रहा है, जिससे धान का वजन बढ़ाकर मुनाफा कमाया जा सके।

#### मिलर्स ने की कार्रवाई की मांग

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद राइस मिलर्स ने प्रशासन से इस पूरे मामले की जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। मिलर्स का कहना है कि वेयर हाऊस में भंडारित की गई धान में पानी मिलाने का वीडियो वायरल होने के बाद यही धान मिलिंग के लिए मिलर्स को दी जाएगी। धान गीली होने की वजह से उसका वजन अधिक रहेगा और जब धान सूखेगी, तब इसका वजह कम हो जाएगा, इससे मिलर्स को नुकसान होगा।



### सड़कों पर रह रहे बेसहारा वर्ग की सेवा की अनूठी पहल की होप ग्रुप ने

**कटनी, यशभारत।** शहर की सामाजिक संस्था होप ग्रुप ने एक अनूठी पहल करते हुए अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन किया। होप ग्रुप ने के सदस्य अनुज श्रीवास एवं अन्य सदस्यो द्वारा कटनी शहर में रह रहे जरूरतमंद बेसहारा बुजुर्ग के बीच जाकर उनके बाल, दाढ़ी बनाई गई एवं बाल काटे गए। होप ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि कई लोगों ने 2-3 सालों के अपने बाल, दाढ़ी नहीं कटवाई थी। सदस्यों द्वारा कपड़े हनाए गए। इस कार्य में अनुज श्रीवास विशेष सहयोग रहा, साथ ही राम कछवाहा, नीतेश नायक, अभिषेक द्विवेदी, अभि कछवाहा की उपस्थिति रही।

## फर्जी फोटो व वीडियो से पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की खराब की जा रही छवि



जिला अधिवक्ता संघ व कांग्रेस नेता ने फेसबुक के सीईओ मार्क जुकरबर्ग सहित अन्य के खिलाफ एसपी से की शिकायत

**कटनी, यशभारत।** जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कांग्रेस नेता अमित शुक्ला ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के खिलाफ सोशल मीडिया पर बिना किसी तथ्य, झूठे आधार पर मानहानी कारक व भ्रामक मैसेज व वीडियो बनाकर छबि खराब करने पर पुलिस अधीक्षक को एक शिकायत देकर कार्यवाही की मांग की है। कांग्रेस एवं जिला अधिवक्ता संघ ने दोषी व्यक्ति के साथ ही वाईस प्रेसिडेंट एवं मैनेजिंग डायरेक्टर फेसबुक मेटा, डीएलएफ अतरिया, गुलमोहर मार्ग,, डीएलएफ फेस 25 गुरुग्राम हरियाणा, वाईस प्रेसिडेंट एवं मैनेंजिंग डायरेक्टर फेसबुक मेटाए वन बीकेसी बांद्रा कुरला कॉम्लेक्श बांद्रा ईस्टमुंबई व मार्क जुकरबर्ग सीईओ मालिक स्वामी फेसबुक, कैलिफोर्निया यूएसए के खिलाफ लिखित शिकायत दी है। शिकायत में कहा गया है कि कमलनाथ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता है व लगभग 50 वर्षों से मप्र की जनता की सेवा कर रहे हैं। लगातार 50 वर्षों से छिंदवाड़ा जिले से सांसद तथा भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं। कमलनाथ की सामाजिक कार्यों एवं राजनैतिक कार्यकुशलता अच्छी होने के कारण संपूर्ण मप्र में अच्छी शाख व प्रतिष्ठा है। मप्र की जनता तथा कांग्रेस कार्यकर्ता कमलनाथ की विचारधारा से सहमत हैं। उक्त झूठा मानहानी कारक समाचार का मोबाईल फोन पर झूठा संदेश करप्शननाथ के नाक में दम कर चुकी है ये रिंगटोन इस तरह का झूठा कैप्शन लिखकर कमलनाथ की फोटो लगाकर यह भी लिखा गया है कि रिंगटोन डाउनलोड करें और करप्शननाथ के कांड सबको बताएं। इस तरह कैप्शन लिखकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं व शुभचिंतकों की भवनाओं को आहत किया गया है। झूठा व भ्रामक अपमान जनक मानहानी संदेश का प्रचार प्रसार विभिन्न मोबाईलों में किया गया है, जिससे कांग्रेस व वरिष्ठ नेता कमलनाथ की प्रतिष्ठा धूमिल हुई है। इस मामले की जांच करते हुए भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत अपराध दर्ज किए जाने की मांग की गई है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता भूपेश जायसवाल, पंकज गौतम, आशीष चतुर्वेदी, अभय खरे सहित अन्य कांग्रेस नेताओं की उपस्थिति रही।

## छात्रों को दिया वादा किया पूरा, नवीन शिक्षण सत्र स्कूल को दी कई सौगातें

### शासकीय विद्यालय कुलुआ बरखेड़ा में नवीन बोर के लिए जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने दी व्यक्तिगत राशि

**कटनी, यशभारत।** शासकीय विद्यालय कुलुआ बरखेड़ा के विद्यार्थियों से एक समारोह दौरान किए अपने वादे को पूरा करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा द्वारा उनकी पेयजल की समस्या का समाधान करते हुए नवीन बोर के लिए अपनी ओर से व्यक्तिगत राशि प्रदान की। शनिवार को नवीन शिक्षण सत्र के प्रथम दिवस शासकीय शाला कुलूआ बरखेड़ा पहुंच कर उन्होंने नवीन बोर खनन का भूमि पूजन किया साथ ही शाला के विकास के लिए हर संभव मदद का विश्वास दिलाया। नवीन शिक्षण



सत्र के शुभारंभ पर शाला पहुंचे जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं जिला शिक्षा समिति अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने शाला भवनए लैब और लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने शाला के जर्जर भवन के जीर्णोद्धार कार्य का भी जायजा लिया। बच्चों की दर्ज संख्या के आधार पर अतिरिक्त कक्षों की आवश्यकता भी निरीक्षण दौरान सामने आई। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य देवकी बावरिया, नरेंद्र गुप्ता, कलावती गोहिया, प्रीति मिश्रा, भगवती गौरी, सौरभ खंपरिया, अर्चना मेश्राम, वर्षा दुबे, खगेंद्र राजकमल दहायत आदि की मौजूदगी रही। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री विश्वकर्मा के साथ निरीक्षण में देवरी हटाई मंडल अध्यक्ष नितिन पांडे, विस्तारक बलराम यादव, प्रशांत मालवीय, सुनील विश्वकर्मा, विपिन दुबे एवं अन्य मौजूद रहे।

**श्रमधाम कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय कैमोर जिला :- कटनी (म.प्र.)**

Ph/Fax-07626-299311 E-mail sdckymore@yahoo.in
Ref,No.SDC/2023 Date .................

**बी.एड./बी.ए. एवं बी.कॉम. में आवश्यकता है निम्न पदों की कॉलेज कोड 28 के तहत नियुक्तियां**

**बी.एड. संकाय में सहायक प्राध्यापक**
1. शिक्षा के परिप्रेक्ष्य में - दो पद
2. शिक्षण विषय - गणित, सामाजिक विज्ञान, मनोविज्ञान, हिस्ट्री भाषा ( अंग्रेजी, संस्कृत, हिन्दी ) संगीत, अर्थशास्त्र, कॉमर्स, कम्प्यूटर ( सभी विषय में एक-एक पद )

**कला संकाय**
1. अंग्रेजी - ( सहायक प्राध्यापक ) एक पद
2. राजनीति विज्ञान - ( सहायक प्राध्यापक ) एक पद
3. अर्थशास्त्र - ( सहायक प्राध्यापक ) एक पद

**वाणिज्य संकाय**
1. वाणिज्य संकाय - ( सहायक प्राध्यापक ) एक पद

**अन्य**
1. कम्प्यूटर ऑपरेटर/लेखापाल - एक पद

**योग्यता**
1. बी.एड. हेतु एन.सी.टी.ई. के नियमानुसार
2. कला एवं वाणिज्य संकाय हेतु यू.जी.सी. के नियमानुसार
3. अन्य के सरल क्रं. 1 के लिए PGDCA or any Diploma in Computer

**आवेदन विज्ञापन प्रकाशित दिनांक से 15 दिनों के अंदर समस्त प्रमाण पत्रों सहित निम्न पते** E-mail- sdckymore@yahoo.in **पर भेजा जाये।**

**श्री विनोद कुमार मिश्रा**
**अध्यक्ष**
**श्रमधाम कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय कैमोर**
**मो. 9893493549**

**डॉ. श्रीमती आशा तिवारी**
**प्राचार्य**
**श्रमधाम कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय कैमोर**
**मो. 8518950438**

## समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो सपा करेगी हल्ला बोल आंदोलन



**कटनी, यशभारत।** समाजवादी पार्टी ने 5 सूत्रीय मांग पत्र मप्र समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा प्रदेशाध्यक्ष मोहम्मद शकील, समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष जावेद भाई के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को सौंपा। इस अवसर पर राजू गुप्ता, हैनरी ज्वैल, राजकुमार जैन, नारायण पटेल, सुदामा यादव, ओ पी यादव, दीपक यादव, कमलेश भूमिया, सुशील भूमिया, रतन भूमिया, संतोष भूमिया, नरेश भूमिया, अमोदा भूमिया, गुजराती भूमिया, विनोद भूमिया, कुसुम बाई भूमिया, कल्लू भाई कोल, धनिया भाई भूमिया, गीताबाई भूमिया, प्रेम भाई घुमिया, कृष्णा भाई, बसंती बाई, राजकली, प्रेम बाई, ज्योति, ओम बाई, पार्वती बाई, आशा भूमिया, रागिनी बाई, विनोद भूमिया, उमेश भूमिया, कंचे दी भूमिया, श्रीचंद कोल, गुड्डू कोल, रमेश पांडे, बंटी चतुर्वेदी, मनोज दुबे, मोहम्मद फैज मोहम्मद, मतीन मोहम्मद, साहिल मोहम्मद, अकरम सहित सैकड़ों सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष जावेद भाई ने कहा कि यदि 10 दिवस में ज्ञापन में संबंधित समस्याओं का निराकरण नहीं होता है तो कलेक्टर कार्यालय का हल्ला बोल आंदोलन किया जाएगा।

### कैथाटोला के ग्रामीणों की मुश्किलें हुई आसान, सड़क की मिली स्वीकृति

**कटनी, यशभारत।** जिले के रीठी जनपद मुख्यालय के घनिया ग्राम पंचायत का ग्राम कैथा टोला के लिए सड़क मार्ग बहुत घूम कर था। जबकि तहसील कार्यालय से पैदल पगडंडी से ही लोग आना जाना करते थे। जो कि यह रास्ता सुलभ है। इसी समस्या से रीठी जनपद अध्यक्ष अर्पित अनुरोध अवस्थी ने जिला कलेक्टर को अवगत कराया। कलेक्टर ने स्थल निरीक्षण कर झरीखे एवं कैथा टोला ग्राम वासियों को मुख्य मार्ग रीठी तक जोड़ने के लिए इस समस्या को संज्ञान में लेकर तत्काल मौके पर ही कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा तहसीलदार जनपद सीईओ राजस्व टीम सहित मौका मुवायना कर बाई पास एरोड पानी की टंकी के बगल से 10 फुट का रास्ता बनाये जाने संबंधित अधिकारियों को मौखिक दिशा निर्देश दिए।

## गुरूपूर्णिमा पर जिनवाणी मां को विराजमान करने मिला सौभाग्य



**कटनी, यशभारत।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद नीलांजना संभाग शाखा कटनी के तत्वाधान में गुरु पूर्णिमा के पवित्र पावन अवसर पर कटनी नगर में विराजमान निर्यापक मुनिश्री 108 समता सागरजी के चरणों में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ, जिसमें परिषद के द्वारा द्रव्य सजाकर लाई गई एवं भक्ति भाव से आचार्य श्री जी की पूजन एवं गौतम गाणधरस्वामी जी की पूजन की गई नगर में विराजमान निर्यापक मुनि श्री 108 समता सागर जी, मुनि श्री 108 महा सागर जी,, 108 मुनि श्री निशकंप सागर जी के पाद प्रक्षालन का एवं जिनवाणी मां को विराजमान करने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ जिसमें परिषद की प्रांतीय संरक्षिका श्रीमती बबीता जैन, प्रांतीय संरक्षिका श्रीमती नीता जैन, प्रांतीय प्रभारी श्रीमती लक्ष्मी जैन, श्रीमती मंजू जैन श्रीमती शिल्पा जैन, चेयरपर्सन श्रीमती सुनीता जैन, श्रीमती अंजू जैन, श्रीमती प्रीति पटवारी, संरक्षिका श्रीमती पिंकी जैन, अर्चना जैन, स्वाति जैन, वंदना जैन एकता जैन, आशा चंदेरिया एवं समाज के प्रबुद्ध जनों के बीच उपस्थिति में गुरु पूर्णिमा का कार्य प्रवचन के पश्चात संपन्न हुआ।

## उमरियापान व पूरे क्षेत्र में आस्था से मनाई गई गुरूपूर्णिमा

### भरभरा आश्रम में रहा मेले जैसा माहौल, लोढ़ा पहाड़ा में बाल संत जू महाराज जी से आशीर्वाद लिया शिष्यों ने





**उमरियापान, यशभारत।** उमरियापान सहित पूरे क्षेत्र में गुरूपूर्णिमा पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। भरभरा आश्रम और मोहला की भाटिया में संत बनवारीदास जी महाराज से आशीर्वाद लेने श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस दौरान भरभरा में मेले जैसा माहौल रहा। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महाराज के दर्शन कर शिष्यों ने आशीर्वाद लिया। सैकड़ों श्रद्धालु लोढ़ा पहाड़ पहुंचे और बाल संत जू महाराज जी से आशीर्वाद लिया। उमरियापान से चंद कदम दूर हरदी कुटी में भी संत कौशल्यादास महाराज के सानिध्य में गुरूपूर्णिमा पर्व मनाया गया। शिष्यों ने कुटी पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया। उमरियापान के समीप करौंदी आश्रम के महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ ब्रम्हस्थान में भी गुरुपूर्णिमा पर्व संस्थान के पदाधिकारी, विशेष अतिथि, वेदपाठी छात्रों की उपस्थिति में मनाया गया। मुख्य मार्केट झंडा चौक हनुमान मंदिर में गुरूपूर्णिमा पर्व संत बनवारीदास जी महाराज के सानिध्य में मनाया जाता था। रात्रि 8 बजे से भजन कीर्तन का कार्यक्रम शुरू होता था। कार्यक्रम में संत बनवारीदास जी महाराज भी पहुंचते थे लेकिन पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी उम्र और अस्वस्थ्यता के कारण महाराज नहीं पहुंचे। रात 12 बजे भजन कीर्तन के कार्यक्रम का समापन हुआ और सभी भक्तों ने संत बनवारीदास जी महाराज की रखी फोटो के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर हनुमान मंदिर समिति के सदस्य सहित आस पास के ग्राम और नगर के श्रद्धालु उपस्थिति रहे।

**किराए से देना है**

**एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति, एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है।**

संपर्क-8109417340




| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1. | बी.एस.सी. ( नर्सिंग ) | 4 वर्ष | 12वीं ( बायो ) |
| 2. | जी.एन.एम. ( नर्सिंग ) | 3 वर्ष | 12वीं ( किसी भी विषय ) |
| 3. | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.( नर्सिंग ) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

## सेवानिवृति पर पीएचई के सहायक यंत्री को दी भावभीनी बिदाई

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के सहायक यंत्री प्रमोद पयासी की सेवानिवृति के अवसर पर बिदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमे अधिकारियों व कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी बिदाई दी। कार्यक्रम में उनके बड़े भाई व्याख्याता शिव प्रसाद पयासी व परिवार के लोग भी उपस्थित रहे।



जिला कार्यालय यंत्री व विजयराघगढ़ कार्यालय के उप यंत्री डी के इनवाती द्वारा माल्यार्पण कर तिलक लगाकर शाल श्रीफल भेंट किया गया। विभाग से सम्बंधित ठेकेदार संजय मिश्रा, शान मोहम्मद, पत्रकार जागेश्वर मिश्रा, प्रवेश मिश्रा सहित उपस्थित जनों द्वारा श्री पयासी का तिलक माल्यार्पण कर शाल श्री प्रदान किया गया। समस्त कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से स्वागत किया गया। लक्ष्मण बुनकर, अजय दुबे, प्रदीप सिंह, अनिल उमरे, विशाल बर्मन आदि रहे। बिदाई की इस बेला में उपयंत्री श्री इनवाती ने अपने अधिकारी के सहज स्वभाव व्यक्तित्व व कृतित्व पर दुखी भाव से प्रकाश डालते हुए भविष्य में भी समय समय पर मार्गदर्शन की अपेक्षा करते हुए स्वस्थ्य जीवन की कामना की। सामाजिक कार्यकर्ता शान मोहम्मद ने उनके व्यक्तित्व की प्रशंसा की। श्री पयासी ने कहा कि विभागीय सेवा में जीवन के 42 वर्ष की सेवा में अपने अधीन किसी कर्मचारी को अनैतिक दबाव देकर कार्य नहीं कराया, जिसका प्रतिफल है कि आज अपने ही नगर में सभी लोगों का स्नेह प्राप्त कर निर्विवाद शासकीय विभाग की सेवा करते हुए सेवानिर्वत हो रहा हूं। बिदाई उपरांत बाजे गाजे सहित कर्मचारियों व उपस्थित समाज सेवी गणमान्य नागरिकों द्वारा उनके निवास तक भेजा गया।

**सिटी मॉल बरही रोड में**




ऑल इंडिया रिलीज

**07 जुलाई से रोजाना 3 शो**

11.45 AM (AUDI-1)
04.00 PM (AUDI-1)
10.15 PM (AUDI-1)

**1920**
**HORRORS OF THE HEART (HINDI- 2D)**

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**सिटी मॉल बरही रोड में**

ऑल इंडिया रिलीज




**07 जुलाई से रोजाना 4 शो**

01.00 PM (AUDI-2)
04.00 PM (AUDI-2)
07.00 PM (AUDI-2)
10.00 PM (AUDI-2)


**सत्यप्रेम की कथा**

**कलाकार- कार्तिक आर्यन, कियारा आडवानी, राजपाल यादव आदि।**

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**सिटी मॉल बरही रोड में**




ऑल इंडिया रिलीज

**07 जुलाई से रोजाना 3 शो**

02.00 PM (AUDI-1)
06.15 PM (AUDI-1)
08.15 PM (AUDI-1)

**INSIDIOUS THE RED DOOR (HINDI- 2D)**

नोट - 6 जुलाई दिन गुरूवार को 6 शो चलेंगे 12.30,2.30, 4.30, 6.30, 8.30 एवं रात्रि 10.30 बजे से

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

# 39 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

## समय-सीमा में अटेंड नहीं की थी सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें




**कटनी,यशभारत।** सी.एम.हेल्पलाईन मे निर्धारित समय-सीमा मे शिकायतों को अटेंड न करने तथा माह मई 2023 में 70 शिकायतें अनअटेंडेंट रहनें पर जिले एवं विभाग की ग्रेडिंग पर प्रतिकूल प्रभाव पडनें के कारण कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जिले के विभिन्न विभागों के 39 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी नोटिस में 39 अधिकारियों के उपरोक्त कृत्य को निर्देशों की अवहेलना तथा पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में उदासीनता एवं शासन के कार्यो के प्रति लापरवाही मानते हुए मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 का उल्लंधन करने पर जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया जाकर 5 जुलाई को 12 बजे तक लोक सेवा प्रबंधन कार्यालय में उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। नियत अवधि में जवाब प्रस्तुत न करने की दशा मे संबंधितों के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

### इन विभागों के अधिकारियों को जारी हुआ नोटिस

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा शिकायतों को समय-सीमा में अटेंड न करने पर सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग, कनिष्ठ अभियंता बहोरीबंद ऊर्जा विभाग, योजना प्रभारी महिला एवं बाल विकास विभाग, कनिष्ठ अभियंता देवगांव ऊर्जा विभाग, कनिष्ठ अभियंता तेवरी ऊर्जा विभाग, तहसीलदार कटनी नगर राजस्व विभाग, सहायक यंत्री कटनी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, सहायक कार्यालय अधीक्षक नगरीय विकास एवं आवास विभाग, निरीक्षक गृह विभाग , सी.एम.ओ कैमोर नगरीय विकास एवं आवास विभाग, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी खाद्य नागरिक आपूति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, कार्यालय अधीक्षक कटनी राजस्व विभाग, नगर निरीक्षक गृह विभाग, विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी बहोरीबंद लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, तहसीलदार कटनी राजस्व विभाग, विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी, सी.एम.एच.ओ कटनी एवं विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, तहसीलदार विजयराघवगढ, अनुविभागीय अधिकारी कटनी राजस्व विभाग, अनुविभागीय अधिकारी कटनी सामान्य प्रशासन विभाग, औषधी निरीक्षक लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग,योजना प्रभारी सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कटनी पंचायत एवं ग्रमीण विभाग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कटनी श्रम विभाग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा श्रम विभाग, उपयंत्री नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, सहायक निरीक्षक कुटीर एवं ग्रामोधोग विभाग, कनिष्ठ अभियंता बड़वारा ऊर्जा विभाग, प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ढीमरखेड़ा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, कनिष्ठ अभियंता ढीमरखेड़ा तथा बाकल ऊर्जा विभाग, खनिज निरीक्षक खनिज साधन विभाग, जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग, उपनिरीक्षक, निरीक्षक बरही गृह विभाग, कनिष्ठ अभियंता बरही ऊर्जा विभाग को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।



# अमानक खाद्य सामग्री बेचने वाले दो विक्रेताओं पर 20 हजार रूपये जुर्माना

## अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने की थी प्रकरणों की सुनवाई

**कटनी,यशभारत।** प्रदेश में मिलावटी खाद्य सामग्री बेचने वालों के खिलाफअभियान चलाकर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिए हैं। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले में भी मिलावटखोरों के खिलाफसंयुक्त टीमें जांच कर रही हैं और अमानक सामग्री पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा प्रस्तुत किए गए दो प्रकरणों में न्याय निर्णायक अधिकारी, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी श्री रोमानुस टोप्पो ने अमानक व मिथ्याछाप सामग्री पाए जाने पर मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की में दिए गए प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाकर संबंधितों पर अर्थदंड लगाया है। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी संजय कुमार गुप्ता द्वारा पुरानी बाजार निवासी पुष्पेन्द्र नायक पिता बालगोविंद नायक की बस स्टैंड बहोरीबंद मे मिथ्याछाप खाद्य पदार्थ पलक ब्रांड नमकीन तथा अमानक मसूर दाल का विक्रय करने तथा खाद्य पदार्थ के विक्रेता की जानकारी नही दिये जाने पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। साथ ही आदेशित किया गया है कि अर्थदंड की राशि निर्धारित ट्रेजरी चालान के माध्यम से 30 दिवस के भीतर जमा कर जमा चालान की कापी संबंधित न्यायालय मे जमा करने के निर्देश दिए गए है। राशि जमा न किए जाने की दशा मे लोक धन शोध अधिनियम के तहत राशि वसूली जाएगी। इसी प्रकार ग्राम बरेली थाना ढ़ीमरखेड़ा निवासी राजेश बर्मन पिता संतलाल बर्मन प्रोप्राइटर राजेश कुमार बर्मन होटल मेन रोड ढ़ीमरखेड़ा को मिथ्याछाप खाद्य पदार्थ बीकानेर बेकरी, कुकीज एवं सोबीस्को मेरी बिस्किट का विक्रय किए जाने के कारण 20 हजार रुपये के अर्थदंड से अधिरोपित किया गया है। साथ ही आदेशित किया गया है कि अर्थदंड की राशि निर्धारित ट्रेजरी चालान के माध्यम से 30 दिवस के भीतर जमा कर जमा चालान की कापी संबंधित न्यायालय मे जमा करने के निर्देश दिए गए है। राशि जमा न किए जाने की दशा मे लोक धन शोध अधिनियम के तहत राशि वसूली जाएगी।



# चड्डा आईटीआई के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण

**कटनी,यशभारत।** चड्डा ग्रुप ऑफइंस्टिट्यूशन द्वारा संचालित चंद्रकांता चड्डा आई.टी.आई के प्रषिक्षणार्थियों को संस्थान में प्रषिक्षण के साथ-साथ उनमें कौषल को बढाने के उद्देष्य से कटनी शहर में स्थित आर्डिनेंस फैक्ट्री में प्रषिक्षणार्थियों को औद्योगिक भ्रमण कराया गया जिसमें छात्रों को काफी कुछ सीखने मिला । आर्डिनेंस फैक्ट्री में भ्रमण के दौरान फैक्ट्री में पदस्थ उमेश विष्वकर्मा, जगन्नाथ प्रसाद जी श्री एवं हीरालाल हरबरिया के निर्देषन में फैक्ट्री में होने वाले कार्यो की जानकारी मुहैया कराई गई । संस्था के प्राचार्य विकास मिश्रा, प्रषिक्षक सुनील माथुरिया, आसिफखान, सुमित गुप्ता के मार्गदर्षन में होने वाले इस भ्रमण में छात्रों को बहुत सारी जानकारियॉ प्राप्त हुई और बहुत कुछ सीखने को मिला। भ्रमण अंत में विकास मिश्रा द्वारा इस भ्रमण में सहयोग करने वाले सभी अधिकारी, कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। चन्द्रकांता चड्डा आई.टी. आई के डायरेक्टर देवाषीष चड्डा ने होने वाले इस सफलतम भम्रण के लिए समस्त स्टाफ एवं छात्रों को शुभकामनायें दी।

## बाल संवर्धन एवं सरंक्षण सप्ताह पर विधिक सेवा प्राधिकरण का आयोजन

# अधिकारों के साथ कर्तव्यों को भी जाना बच्चों ने

**कटनी,यशभारत।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी धरमिन्दर सिंह राठौड के निर्देशानुसार आयोजित किए जा रहे बाल संवर्धन एवं सरंक्षण सप्ताह (दिनांक 01 से 07 जुलाई 2023 तक) के अंतर्गत दिनांक 01 जुलाई को जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी निलेश कुमार जिरेती एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी अनुज कुमार चंसौरिया की उपस्थित में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरौध, कटनी में बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवायें एवं उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवायें योजना 2015 के संबंध में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को नशे से होने वाले नुकसान तथा उनसे बचने के उपाय के संबंध में जानकारी दी गई तथा बच्चों को उनके मौलिक अधिकारों के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ मौलिक कर्तव्यों के बारे भी जानकारी दी तथा बच्चों से मौलिक कर्तव्यों और नैतिक कर्तव्यो के पालन करने की अपेक्षा की। छात्र-छात्राओं को ''बच्चों की मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं एवं संरक्षण'' से भी अवगत कराया गया। स्कूल प्रशासन के सहयोग से शिविर का सफ्लतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं अधिक संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।







# गुरूपूर्णिमा पर हनुमत कुटी बजरंगधाम देवरी पहुंची महापौर

**कटनी,यशभारत।** कटनी हनुमत कुटी बजरंग धाम पीरबाबा देवरी में स्थित विशाल हनुमान मंदिर के मुख्य प्रेरणा स्रोत परम पूज्य गुरुदेव सुरेंद्र दास जी महाराज का गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात उन्होंने प्रेम नारायण समाज भवन बरही रोड में पहुंचकर पूज्य गुरुदेव चंद्रभूषण तिवारी जी का भी आशीर्वाद प्राप्त किया। महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि जीवन में गुरु का बहुत बड़ा महत्व है। गुरु के बिना जीवन अधूरा रहता है। गुरु ही इस मानव जीवन को सही दिशा व मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। गुरु पृथ्वी लोक में साक्षात ईश्वर का स्वरूप माना गया है। इस दौरान गुरु भाई अजय पप्पू मिश्रा सहित हजारों की संख्या में गुरु भाइयों सम्मानीय मातृ शक्तियों की मौजूदगी रही।

## महापौर की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक

# नगर निगम के विद्युत व कॉलोनी सेल एवं भवन अनुज्ञा की समीक्षा



**कटनी,यशभारत।** कटनी नगर पालिक निगम महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में नगर निगम महापौर कक्ष में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में महापौर ने बालाजी नगर शिवाजी नगर एवं इंदिरा गांधी वार्ड के टेंडर हो चुके कार्यों एवं प्रस्तावों की स्थिति सहित 90 वाट की लाइट के नए टेंडर की स्थिति वर्तमान में मेंटेनेंस के सामग्री हाई मास्क लाइट के टेंडर की जानकारी सहित स्ट्रीट लाइट चालू एवं बंद करने के समय का विशेष ध्यान रखने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में कई जगह शाम को लाइट जल्दी चालू हो जाती है। सुबह देरी से बंद होती है। जिससे कि अनावश्यक बिजली की खपत एवं बिजली बिल की बढ़ोतरी होती है। इसके अलावा उन्होंने विद्युत पोल लगाकर विकास शुल्क वसूलने तथा मंडी रोड में सुंदरता को ध्यान में रखकर कार्य करने एवं हाईवे के पुल की बंद पड़ी लाइटों तथा विभिन्न वार्डों में बंद विद्युत की प्राप्त शिकायतों का समय सीमा पर निराकरण करने के निर्देश प्रदान किए। विद्युत विभाग के अलावा महापौर ने कॉलोनी सेल तथा भवन अनुज्ञा विभाग के उपस्थित अधिकारियों को शासन के तय मापदंडों के अनुसार कार्य करने की नसीहत भी दी। उन्होंने कहा कि शहर हित एवं विकास में लिए गए निर्णय का कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए। इस दौरान निगमायुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे एमआईसी सदस्य श्रीमती बीना बैनर्जी सुभाष साहू पार्षद श्रीमती शकुंतला सोनी ओम प्रकाश सोनी श्याम पंजवानी पूर्व पार्षद राजू मखीजा कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा राहुल जाखड़ सहायक यंत्री सुनील सिंह आदेश जैन जे पी बघेल अनिल जायसवाल विक्रांत ब्राहण मोना करेरा रमाशंकर तिवारी सहित अन्य अधिकारी.कर्मचारी मौजूद रहे।



# 50 युवाओं ने किया रक्तदान

## समाजसेवी रूशिल खुराना के अभिनव आयोजन को मिली सराहना

**कटनी,यशभारत।** श्री सनातन धर्म पंजाबी मंडल के उपाध्यक्ष धरमपाल खुराना के पुत्र युवा समाजसेवी रूशिल खुराना द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 50 युवाओं द्वारा रक्तदान किया गया। इस अवसर पर पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, श्री संनातन धर्म पंजाबी मंडल के अध्यक्ष चमनलाल आनंद, सिविल सर्जन यशवंत वर्मा, युवा भाजपा नेता मृदुल द्विवेदी ने रूशिल खुराना के इस नेक कार्य की सराहना की ओर उन्हें बधाई दी। यशवंत वर्मा ने बताया कि नॉर्मल व्यक्ति प्रत्येक 3 माह में रक्तदान कर सकता है इससे स्वास्थ्य पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता। इस कार्यक्रम में विनय कोहली, रमेश मोटवानी, सुशील आनंद, रिम्मी खुराना, महेश होतवानी, दिनेश खुराना, पुष्पेंद्र आनंद, पवन खत्री, पंकज खुराना, जसपाल अरोरा, गुरुचरण जग्गी और संस्था के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

# बाइक पर हो रहा था अवैध मदिरा का परिवहन

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा जिले में अवैध मदिरा का परिवहन करते हुए पाए जाने पर जप्तशुदा बिना नंबर की गाडी हीरो एच.एफ डीलक्स रजिस्ट्रेशन नंबर एम.पी 21 एम आर 4383 तथा कुल 60 बल्क लीटर मदिरा राजसात की गई है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने मोहन साइकिल एवं मदिरा को राजसात किए करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए है। कलेक्टर ने बताया कि जिला सतना ग्राम टीकर कलाथाना बडेरा निवासी शेख शहीद पिता रफीक मोहम्मद को नदीपार तिराहा थाना विजयराघवगढ़ के पास 4 प्लास्टिक के गुम्मे मे कच्ची महुआ शराब तथा मोटर साइकिल क्रमांक एम.पी 21 एम आर 4383 जप्त की गई थी।

# जिले में 15 अगस्त तक चलेगा नशामुक्ति अभियान

**कटनी,यशभारत।** राजय शासन द्वारा संपूर्ण मध्य प्रदेश में नशीले पदार्थो के सेवन से मुक्ति हेतु विगत 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस का आयोजन किया जाकर 26 जून से 15 अगस्त तक नशामुक्ति अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए है। अभियान के दैरान नशीली दवाओं तथा शराब के अवैध व्यापार पर पुलिस तथा आबकारी विभाग द्वारा संयुक्त एवं प्रभावी कार्यवाही की जायेगी इसके साथ ही नशीले पदार्थो के सेवन से मुक्ति तथा नशे के दुष्प्रभावों को बताने के लिए जन जागरण के कार्यक्रम आयोजित होगे। कलेक्टर श्री अवि प्रसाद द्वारा विभिन्न विभागो को नशामुक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये गये है। इसके साथ ही सामाजिक संस्थाओं से भी नशे के विरूद्ध जन जागरण कार्यक्रम के आयोजन करने की अपेक्षा की गई है। उन्होंने निर्देश दिये है कि अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस से शुरू हो रहे नशामुक्ति अभियान के तहत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, आदिम जाति कल्याण विभाग, नगरीय प्रशासन, पंचायत ग्रामीण विकास, पुलिस, जेल, वन विभाग, आबकारी विभाग, खेल और युवा कल्याण विभाग तथा अन्य विभगों को जिला समन्वयक जन अभियान परिषद, नेहरू युवा केन्द्र अशासकीय संस्थाओं के सहयोग से नशे के दुष्परिणामों पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम रंगोली,प्रदर्शन आदि किये जायें। इसके साथ ही नशे के विरूद्ध जन जागरण का संदेश देने के लिए रैली जायें।

## 7 दिवस के भीतर विद्युतीकरण के निर्देश

# बिजली से पहली बार रोशन होंगे जिले के 3 स्कूल




**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर विद्यालयों में छात्रों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले के तीन विकासखण्डों के विद्युत विहीन विद्यालयों में 7 दिवस के अंदर विद्युतीकरण करानें के निर्देश कार्यपालन अभियंता मध्यप्रदेश पूर्व विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड कटनी को दिए गए है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेशानुसार विकासखण्ड रीठी के शासकीय हाईस्कूल भरतपुर में 3 लाख 29 हजार 639 रूपये, विजयराघवगढ़ के शासकीय हाई स्कूल जमुवानीकलां हेतु 17 हजार 110 रूपये तथा ढीमरखेड़ा के शासकीय हाईस्कूल देवरीमंगेला में 59 हजार 686 रूपये कुल 4 लाख 6 हजार 435 रूपये विद्युतीकरण हेतु स्वीकृत किये गए है। उल्लेखनीय है कि जिले के तीन विद्युत विहीन हाईस्कूल विद्यालयों में नवीन विद्युत कनेक्शन हेतु मध्यप्रदेश पूर्व विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा प्रदाय इस्टीमेट के आधार पर कार्यालय लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल के वित्तीय आदेश द्वारा राशि 4 लाख 6 हजार 435 रूपये स्वीकृत की जाकर 09 फरवरी को उपरोक्त राशि हस्तांतरित की जा चुकी थी। किंतु आज दिनांक तक बाह्य विद्युतीकरण का कार्य नहीं किया गया था।

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW

Mittal MALL

Paytm

book my show

From 30th June 2023

Cineworldz Cinema Katni by CMW
Schedule for the week 30 June to 06 July, 2023

| Audi-01 | Show | Rate |
|---|---|---|
| Satyaprem Ki Katha | 10.30.00 AM | 90-90-90-250 |
| SPY 2D Hindi | 1.30.00 PM | 130-160-190-350 |
| Satyaprem Ki Katha | 4.15.00 PM | 130-160-190-350 |
| Satyaprem Ki Katha | 7.15.00 PM | 130-160-190-350 |
| Satyaprem Ki Katha | 10.15.00 PM | 130-160-190-350 |
| **Audi-02** | **Show** | |
| Satyaprem Ki Katha | 1.00.00 PM | 100-120-140-310 |
| Adipurush 3D Hindi | 4.00.00 PM | 140-170-200-340 |
| SPY 2D Hindi | 7.00.00 PM | 140-180-210-350 |
| SPY 2D Hindi | 10.00.00 PM | 140-180-210-350 |
| **Audi-03** | **Show** | |
| SPY 2D Hindi | 10.45.00 AM | 90-90-90 |
| 1920 Horrors of the heart | 1.15.00 PM | 120-150-150 |
| SPY 2D Hindi | 3.45.00 PM | 120-150-150 |
| Zara Hatke Zara Bachke | 6.45.00 PM | 120-150-150 |
| Satyaprem Ki Katha | 9.15.00 PM | 120-150-150 |

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# जिम्बाब्वे की हार से किसे हुआ फायदा और नुकसान 2 टीमों के क्वालीफाई करने के समीकरण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वनडे वर्ल्ड कप 2023 के क्वालीफायर मुकाबले जिम्बाब्वे में खेले जा रहे हैं। फैंस को रोज रोमांचक मैच देखने को मिल रहे हैं। श्रीलंका ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। वहीं, जिम्बाब्वे की टीम ने क्वालीफायर के पहले राउंड में अपने सभी चार मैच जीते थे, लेकिन सुपर सिक्स में टीम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और लगातार दो मैच हारकर वनडे वर्ल्ड 2023 की रेस से बाहर हो गई। अभी तक वर्ल्ड कप के लिए 9 टीमें क्वालीफाई कर चुकी हैं। आखिरी स्थान के लिए नीदरलैंड्स और स्कॉटलैंड के बीच टक्कर है। आइए जानते हैं। वर्ल्ड कप में जगह बनाने के लिए दोनों टीमों के क्या समीकरण हैं?



### वर्ल्ड कप में जगह बनाने के लिए इन टीमों के बीच है रेस

स्कॉटलैंड के गेंदबाजों ने जिम्बाब्वे के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन किया और जिम्बाब्वे को 31 रनों से हरा दिया। इस जीत से स्कॉटलैंड के लिए वनडे वर्ल्ड कप 2023 के दरवाजे खुल गए हैं। वर्ल्ड कप क्वालीफायर के सुपर सिक्स राउंड में स्कॉटलैंड ने 4 में से तीन मुकाबले जीते हैं और वह 6 अंक लेकर इस समय Points अङ्कङ्घद्द में दूसरे स्थान पर काबिज है और उसका रेट रन रेट प्लस 0.296 है। नीदलैंड्स क्वालीफायर में इस समय चौथे नंबर पर मौजूद है। टीम के 4 मैचों में 2 जीत के साथ 4 अंक हैं और उसका रेट रन रेट माइस 0.042 है।

### स्कॉटलैंड के लिए ऐसा है समीकरण

वनडे वर्ल्ड कप 2023 क्वालीफायर में नीदरलैंड्स और स्कॉटलैंड के बीच 6 जुलाई को मुकाबला खेला जाएगा। स्कॉटलैंड को वनडे वर्ल्ड कप में क्वालीफाई करने के लिए नीदरलैंड्स के खिलाफ सिर्फ जीत की जरूरत है। ऐसे में उसके 8 अंक हो जाएंगे और वह दूसरे स्थान पर रहते हुए क्वालीफाई कर जाएगा, क्योंकि उसका रेट रन रेट पहले से ही प्लस में है।

### नीदरलैंड्स को करना होगा ये काम

नीदरलैंड्स अगर मैच में स्कॉलैंड को हरा देता है, तो जिम्बाब्वे, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड्स के 6-6 अंक हो जाएंगे। तब रेट रन रेट में मामला फंस सकता है। इसी वजह से नीदरलैंड्स को स्कॉटलैंड के खिलाफ 32 रनों के ज्यादा अंतर से मैच जीतना होगा। वहीं, स्कॉटलैंड की टीम अगर पहले बल्लेबाजी करते हुए टारगेट को सेट करती है, तो नीदलैंड्स को 44.1 ओवर में टारगेट चेस करना होगा।

# सिंधु को लगा तगड़ा झटका, लगातार बड़े टूर्नामेंट्स में हार के बाद उठाना पड़ा ये नुकसान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की स्टार बैडमिंटन प्लेयप पीवी सिंधु के लिए पिछला समय कुछ खास नहीं रहा है। सिंधु लगातार बड़े टूर्नामेंट्स को जीतने में नाकामयाब रही हैं और इसका सीधा सा असर उनकी रैंकिंग पर भी आ चुका है। सिंधु को अपनी करियर रैंकिंग में बड़ा झटका लगा है।

### सिंधु को रैंकिंग में तगड़ा झटका

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ताजा बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में तीन पायदान खिसककर 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं। इस साल अप्रैल में टॉप- 10 से बाहर हुई सिंधु के 13 टूर्नामेंटों में 51070 अंक हैं। वह इस सप्ताह कनाडा ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में भाग लेंगी। सिंधु पिछले साल कॉमनवेल्थ गेम्स के दौरान एड़ी में फेक्चर के कारण वह पांच महीने कोर्ट से दूर रही थीं। वह इस सीजन में मैड्रिड स्पेन मास्टर्स सुपर 300 के फाइनल में और मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 में सेमीफाइनल में पहुंची थीं।

### सात्विक-चिराग का जलवा

सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी युगल रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं। पुरूष एकल में एचएस प्रणय आठवें स्थान पर हैं जबकि लक्ष्य सेन 19वें और किदाम्बी श्रीकांत 20वें स्थान पर हैं। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद एक स्थान गिरकर 17वें स्थान पर हैं। पुरुष युगल में एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला 26वें स्थान पर है जबकि रोहन कपूर और एन सिक्की रेड्डी मिश्रित युगल में 33वें स्थान पर हैं।

# इंग्लैंड का सबसे खतरनाक बल्लेबाज एशेज सीरीज से बाहर, मुश्किल में बेन स्टोक्स की टीम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इंग्लैंड को 43 रनों से मात दी थी। इस मुकाबले के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम 2-0 से सीरीज में आगे हो गई है। इंग्लैंड की टीम के लिए यहां से वापसी कर पाना वैसे भी काफी मुश्किल नजर आ रहा है और इसी बीच टीम को एक और बड़ा झटका लग गया है। दरअसल इंग्लैंड के वाइप कैप्टन पूरी एशेज सीरीज से बाहर हो चुके हैं।

### इंग्लैंड को लगा तगड़ा झटका

इंग्लैंड के उपकप्तान ओली पोप लॉर्ड्स में दूसरे टेस्ट मैच के दौरान दाहिना कंधा खिसकने के कारण मंगलवार को एशेज सीरीज के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए और अब आने वाले दिनों में उनका ऑपरेशन होगा। पिछले सप्ताह दूसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के दौरान यह 25 वर्षीय बल्लेबाज फील्डिंग करते समय गिर गया था जिससे उनका कंधा चोटिल हो गया था। इसके बाद तीसरे दिन दूसरी पारी के दौरान उनकी चोट बढ़ गई।

### फील्ड पर ही नहीं उतरे

बता दें कि पोप को चोटिल होने के बाद दोबारा फील्ड पर उतरने की अनुमति नहीं दी गई। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने बयान में कहा कि इंग्लैंड और सरे के बल्लेबाज ओली पोप पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में दूसरे एशेज टेस्ट के दौरान अपने दाहिने कंधे की हड्डी खिसकने के कारण एशेज सीरीज के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए हैं और उन्हें अब आपरेशन करवाना होगा।

### 2-0 से पीछे है इंग्लिश टीम

बता दें कि सीरीज में पहले ही इंग्लैंड की टीम 2-0 से पिछड़ रही है। सीरीज के पहला टेस्ट भी बेहद रोमांचक रहा था, जहां ऑस्ट्रेलिया ने 3 विकेट से जीत दर्ज की थी। वहीं दूसरे टेस्ट की बात करें तो इंग्लैंड ने आखिरी दिन तक खूब जोर लगाया, लेकिन अंत में ऑस्ट्रेलियाई टीम जीत हासिल करने में कामयाब रही।

# वर्ल्ड नंबर 1 अल्कारेज की तगड़ी शुरुआत, पहले राउंड में विरोधी को किया चित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विंबलडन ग्रैंडस्लेम टूर्नामेंट में दुनियाभर के टेनिस खिलाड़ी एक-दूसरे का सामना कर रहे हैं। इस नामी टूर्नामेंट में सभी नजरें दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज पर टिकी हुई हैं। अल्कारेज ने उम्मीद के मुताबिक कमाल का प्रदर्शन करते हुए दूसरे राउंड का टिकट कटा लिया है। अल्कारेज ने पहले मैच में लगातार सेट जीतकर मुकाबले पर कब्जा किया। कार्लोस अल्कारेज ने पहले दौर में फ्रांस के जेरेमी चार्डी को 6-0, 6-2, 7-5 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।



अल्कराज तीसरी बार विंबलडन में भाग ले रहे हैं। इससे पहले वह कभी ऑल इंग्लैंड क्लब में चौथे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए हैं, लेकिन इस बार उन्हें इस ग्रासकोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में नोवाक जोकोविच के आठवें खिताब की राह में सबसे बड़ा खतरा माना जा रहा है। 7 बार के चैंपियन जोकोविच ने सोमवार को बारिश से प्रभावित मैच में पेड्रो कैचिन को 6-3, 6-3, 7-6 (4) से हराया था। इस बीच महिला वर्ग में अस्वस्थ होने के कारण पिछले सप्ताह ईस्टबोर्न इंटरनेशनल से हटने वाली एलेना रयबाकिना ने पहला सेट गंवाने के बाद अपनी सर्विस में सुधार किया और शेल्बी रोजर्स को 4-6, 6-1, 6-2 से हराया। कार्लोस अल्कारेज ने अभी तक एक ग्रैंडस्लैम खिताब जीता है।

# भारत ने जीता रिकॉर्ड 9वां खिताब रोमांचक फाइनल में कुवैत को दी मात



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सैफ चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने कुवैत को पेनल्टी शूटआउट में मात दी। इसी के साथ भारतीय टीम ने इस चैंपियनशिप में रिकॉर्ड 9वीं बार खिताबी जीत हासिल की। मैच अपने निर्धारित समय और एक्स्ट्रा टाइम के बाद तक 1-1 से बराबरी पर रहा। जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट में टीम इंडिया ने 5-4 से जीत हासिल की।

### बराबरी पर छूटा था मुकाबला

दोनों टीमें 120 मिनट के खेल तक 1-1 से बराबरी पर थीं। पेनल्टी शूटआउट के पांच दौर के बाद भी स्कोर 4-4 था जिसके बाद सडन डैथ पर फैसला हुआ। आखिरी शॉट पर महेश नोरेम ने स्कोर किया और भारत के गोलकीपर गुरप्रीत संधू ने डाइव लगाकर खालिद हाजिया का शॉट बचाकर टीम को जीत दिलाई। निर्धारित समय के भीतर शाबाइब अल खलीदी ने 14वें मिनट में गोल करके कुवैत को बढत दिलाई थी जबकि भारत के लिए बराबरी का गोल लालियांजुआला ने 39वें मिनट में दागा। गत चैम्पियन भारत और कुवैत ने आखिरी ग्रुप मैच भी 1-1 से ड्रॉ खेला था।

### सेमीफाइनल में भी पेनल्टी में जीते

भारत ने दूसरी बार पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज की है। इससे पहले 1 जुलाई को सेमीफाइनल में लेबनान को भी पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया था। उस मैच में भी संधू ने शूटआउट में जबर्दस्त प्रदर्शन किया था। भारत के लिए कप्तान सुनील छेत्री, संदेश झिंगन, शुभाशीष बोस, छांगटे और महेश ने गोल दागे जबकि उदांता सिंह चूक गए। शूटआउट से पहले कुवैत का दबदबा था जिसने पहले हाफ में कई मौके बनाए। इसका फायदा 14वें मिनट में मिला जब मुबारक अल फानीनी ने बायें विंग से अब्दुल्ला अल ब्लूशी को पास दिया। अल ब्लूशी ने गेंद अल खालिदी को सौंपी जिसने गोल करके कुवैत को बढत दिलाई।

### 39वें ओवर में छांगटे ने किया गोल

भारत अगले ही मिनट बराबरी कर लेता लेकिन कुवैत के गोलकीपर अब्दुल रहमान ने छांगटे का शॉट बचा लिया। इस साल एफआईएफएफ के सर्वश्रेष्ठ पुरूष खिलाड़ी चुने गए छांगटे ने हालांकि 39वें मिनट में बराबरी का गोल कर दिया। सहल अब्दुल समाद और कप्तान छेत्री के बीच पास के आदान प्रदान के बाद गेंद छांगटे तक पहुंची जिसने विरोधी गोलकीपर को छकाकर गोल दागा। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने भरसक कोशिश की लेकिन गोल नहीं हो सका। अतिरिक्त समय में कुछ खिलाड़ी चोटिल हुए, कुछ खिलाड़ियों और अधिकारियों को को पीले कार्ड भी मिले लेकिन निर्णायक गोल नहीं हो सका।

## रंग संसार

# वो हर बात पर अपनी नाक घुसाती है:आलिया

**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी और उनकी पत्नी आलिया सिद्दीकी ने कंगना पर जमकर भड़ास निकाली है ।हाल ही में 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 में नजर आई आलिया सिद्दीकी ने एक इंटरव्यू में कंगना पर तंज कसते हुए कहा, 'मैं उस पर ध्यान नहीं देती। क्योंकि मेरी नजरों में उनकी कोई वैल्यू नहीं है। मैं उन्हें तवज्जो नहीं देती, क्योंकि उसकी बात में दम तो होता नहीं है। वो हर जगह हर किसी से पंगे लेती रहती हैं। वो बस हर बात पर अपनी नाक घुसाती हैं। आलिया ने आगे कहा, 'कंगना के अलावा किसी और ने कुछ नहीं बोला, क्योंकि उन्हें अपनी फिल्म 'टीकू वेड्स शेरू' को सपोर्ट करना था। बेशक, वो



प्रोड्यूसर हैं, उन्हें फिल्म बचाना है, तो वो आवाज उठाएगी ही, लेकिन वह हमेशा गलत चीजों पर आवाज उठाती हैं। ऐसे में मेरी नजर में उसकी कोई कीमत मेरी नहीं है। आपको याद दिला दें, कंगना रनौत ने नवाजुद्दीन सिद्दीकी को उस वक्त सपोर्ट किया था, जब आलिया ने बंगले के गेट के बाहर खड़े एक्टर का वीडियो शेयर किया थ। इस वीडियो में नवाजुद्दीन गेट के बाहर खड़े होकर आलिया से बात करते हुए नजर आ रहे थे। वीडियो में दोनों के बीच काफी बहस सुनने को मिली थी। नवाजुद्दीन को सपोर्ट करते हुए कंगना ने कहा था, 'जब नवाज जैसे बड़े स्टार को उनकी ही पत्नी ऐसे अपमानित कर रही है तो ये सब देखकर मुझे रोना आ रहा था। बता दें कि एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी और उनकी पत्नी आलिया सिद्दीकी की शादीशुदा लाइफ काफी समय से उलझी हुई है। सोशल मीडिया पर आलिया और नवाजुद्दीन ने एक-दूसरे पर जमकर आरोप लगाए थे। दोनों के मेटर में पिछले दिनों एक्ट्रेस कंगना रनौत ने नवाजुद्दीन सिद्दीकी को सपोर्ट किया था।

# फिल्म जवान के लेकर सुर्खियों में प्रियामणि

### शाहरुख खके साथ पर्दे पर देखने एक्साइटेड हैं फैंस

**मुंबई (ईएमएस)।** वेब सीरीज द फैमली मैन के बाद सर्वम शक्तिमय में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस प्रियामणि अपकमिंग फिल्म जवान के लेकर सुर्खियों में हैं। उनके फैंस उन्हें शाहरुख खान के साथ पर्दे पर देखने के लिए बेताब है। प्रियामणि साउथ की वो एक्ट्रेस हैं, जो ऑनस्क्रीन किसिंग या इंटीमेट सीन्स से तौबा करती हैं। इस एक्ट्रेस ने अपनी फिल्मों में नो किसिंग पॉलिसी कायम रखा है। ऐसा उन्होंने क्यों किया है इसके पीछे की कई वजह हैं, जिसका खुलासा एक्ट्रेस ने खुद किया है। प्रियामणि ने न केवल साउथ बल्कि बॉलीवुड में भी अपने अभिनय का परचम लहराया है। प्रियामणि ऑनस्क्रीन किसिंग या इंटीमेट सीन्स



से दूर रहती हैं। उन्होंने बाकायदा अपने कॉन्ट्रेक्ट में नो किसिंग क्लॉज एड किया हुआ है। क्यों ऐसा उन्होंने किया आप भी जान लीजिए जवान एक्ट्रेस ने हाल ही में बताया कि उनके हाथ से कई प्रोजेक्ट्स के ऑफर थे, जिनमें उन्हें इंटीमेट सीन करने की जरूरत थी। लेकिन उन्होंने इन ऑफर्स से साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि ऑनस्क्रीन गालों पर किस करने से ज्यादा कुछ भी करने से बचना उनकी निजी पसंद है। नो किसिंग पॉलिसी के बारे में प्रियामणि ने आगे कहा, मैं ऑनस्क्रीन किस नहीं करूंगी। इसके लिए मेरी तरफ से हमेशा ना हैट। उन्होंने कहा कि मैं ये अच्छे से जानती हूं कि ये सिर्फ एक रोल और मेरा काम है, लेकिन निजी तौर पर अगर कहूं तो, मुझे ऑनस्क्रीन किसी दूसरे आदमी को किस करना पड़े तो मैं बिलकुल सहज नहीं रहूंगी। ऐसा इसलिए क्योंकि शादीशुदा हूं और मुझे अपने पति के प्रति जवाबदेह होना होगा। उन्होंने आगे कहा, मैं जानती हूं कि जब भी वो प्रोजेक्ट आउट होगा तो मेरी दोनों तरफ की फैमिली इसे देखेंगी। वो भी जानते हैं कि यह मेरा काम है, लेकिन मैं असहज महसूस नहीं करना चाहती। वो लोग देखकर सोचेंगे कि शादीशुदा होने के बावजूद हमारी बहू ये सब क्यों कर रही है कोई और उसके ऊपर हाथ क्यों रख रहा है वो लोग कुछ भी नहीं कहेंगे, पर यह मेरी पर्सनल चॉइस है। प्रियामणि ने 23 अगस्त 2017 में मुस्तफा राज के साथ शादी की है।

# अरशद अपनी वेब सीरीज असुर 2 को लेकर सुर्खियों में

**मुंबई (ईएमएस)।** आजकल एक्टर अरशद वारसी अपनी वेब सीरीज असुर 2 को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने फिल्म जॉली एलएलबी 2 और बिग बॉस में रिप्लेस किए जाने पर बात की है। अरशद वारसी बिग बॉस के पहले होस्ट रहे हैं। उन्होंने पहला सीजन होस्ट किया था, लेकिन फिर वह रिप्लेस कर दिए गए। इसके बाद बिग बॉस को शिल्पा शेट्टी, अमिताभ बच्चन और संजय दत्त जैसे सितारों ने होस्ट किया। पिछले एक दशक से होस्टिंग की कुर्सी पर सलमान खान का दबदबा है। अरशद ने कहा- मैं बिग बॉस का अगला सीजन नहीं कर सका, क्योंकि मुझे एक शूट के लिए लंदन जाना था, लेकिन मेरा मानना है कि सलमान खान इस शो में सबसे अच्छे हैं। उस काम को सलमान से बेहतर कोई नहीं कर सकता था। रियलिटी शो को चाहिए सलमान जैसा कोई दबंग।अरशद वारसी ने जॉली एलएलबी में काम किया था, लेकिन जॉली एलएलबी 2 में अक्षय कुमार ने उन्हें रिप्लेस कर दिया था। जॉली एलएलबी 3 का एलान हो गया है और इस बार अक्षय के साथ अरशद भी दिखाई देंगे। उन्होंने कहा- जॉली एलएलबी 3 बन रहा है और आप मेरे साथ अक्षय कुमार को भी देखेंगे। यह



ऑरिजिनल प्लान था। मैं पहली फिल्म में दिखाई दिया था और उन्होंने दूसरा किया था। अरशद वारसी ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है कि फिल्म हलचल में उन्होंने दिल से काम नहीं किया था। उनका कहना था कि वह फिल्म को सिर्फ अपनी एक जॉब मानकर कर रहे थे, लेकिन वह दिल से खुश नहीं थे। कुछ समय पहले ही जियो सिनेमा पर असुर 2 स्ट्रीम हो रही है, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। थ्रिलर सीरीज में अरशद के साथ बरुण सोबती और रिद्धि डोगरा भी लीड रोल में हैं। बता दें कि अरशद वारसी अपनी उम्दा एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं। कॉमिक टाइमिंग हो या फिर सीरियस रोल, अरशद अपने हर किरदार को बहुत ही संजीदगी से निभाते हैं।

# रणवीर सिंह ने की एक मजेदार रील शेयर

### लोगों ने आदिपुरुष से की तुलना

**मुंबई (ईएमएस)।** फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी फिल्म के गाने पर एक्टर रणवीर सिंह ने एक मजेदार रील शेयर कर फैंस का दिन बना दिया है। दरअसल, कुछ दिन पहले रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का पहला गाना तुम क्या मिले रिलीज हुआ है। इस गाने को लोगों ने काफी पसंद किया था। आलिया भट्ट ने भी गाने के प्रमोशन के लिए इस पर एक रील बनाया था। वह समंदर के किनारे इस गाने पर गुनगुनाती हुई नजर आई थीं। एक्ट्रेस ने रील के साथ कैप्शन में लिखा था, पहले पहाड़ों पर और अब बीच पर... हम तो गाते रहेंगे। ये काफी वायरल हुआ था। अब रणवीर सिंह ने आलिया भट्ट की तरह एक रील शेयर किया है, बस फर्क वीएफएक्स का है। रणवीर ने मजे में कहा कि उनका आलिया की तरह बजट नहीं है, इसलिए उन्होंने वीएफएक्स के जरिए समंदर के किनारे तुम क्या मिले गाने पर रील बनाया। शॉर्ट हेयर और शर्ट-जींस में रणवीर बहुत हैंडसम लग रहे हैं। वीडियो को शेयर करते हुए रणवीर ने कैप्शन में लिखा, आलिया के रील जितना बजट नहीं था। उन्होंने आलिया को टैग भी किया। गंगूबाई एक्ट्रेस ने रणवीर के वीडियो पर कमेंट कर उन्हें लीजेंड बताया। साथ ही इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी रील रीशेयर कर हाहाहा लिखा है। रणवीर सिंह के इस वीडियो पर लोगों ने मजेदार रिएक्शन दिया। किसी को रणवीर शॉर्ट हेयर में हैंडसम लगे, तो वहीं कुछ लोगों ने कहा कि आदिपुरुष से बेहतर रणवीर के रील का वीएफएक्स है। एक और यूजर ने मजे लेते हुए कहा, रणवीर सिंह भाई ये कोई तरीका है आदिपुरुष की वीएफएक्स टीम को ट्रोल करने का। एक ने कहा, आदिपुरुष टीम अभी भी आपको सर्च कर रही है। बता दें कि रणवीर सिंह की गिनती बॉलीवुड के उम्दा कलाकारों में होती है। शायद ही



कोई सितारा है, जो उनकी एनर्जी से भरी वाइब्स को मैच करता हो। इन दिनों एक्टर अपनी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को लेकर सुर्खियों में हैं।

moviemagic
#Magically Refreshed



ADIPURUSH
2D
9 AM 10:30 AM 12:30 PM
4 PM 6:30 PM 7:30 PM
10 PM 11 PM
3D
10 AM
2 PM 9 PM

THE FLASH
Hindi
6 PM

ZARA HATKE
ZARA BACHKE
3 PM

SHOWS BEFORE 11AM AT JUST ₹100/-
*For 2D Movies Only
For Enquiry, Contact: 07612662222

Call For Booking 9755561144
Online Booking visit bookmyshow
INTRODUCING RECLINER
SR CINEMA

| Adipurush 3D | | Adipurush 2D | | The Flash 2D |
|---|---|---|---|---|
| 09:00 AM | 12:20 PM | 09:30 AM | 01:00 PM | 03:40 PM |
| 06:30 PM | 10:00 PM | 07:00 PM | 10:15 PM | Zara Hatke Zara Bachke 04:30 PM |

SR MALL
Near SBI Chowk Vijaynagar, Jabalpur (MP)

# डेयरी संचालक के यहां सशस्त्र डकैती का एक आरोपी गिरफ्तार

## आईजी के निर्देश पर कटनी पहुंचे डीआईजी, संभाला मोर्चा, पीएम के बाद परिजनों को सौंपा मनीष का शव





**कटनी, यशभारत।** कोतवाली के आधारकाप क्षेत्र में सोमवार व मंगलवार की दरम्यानीरात डेयरी संचालक के घर डकैती पड़ी डकैती के मामले में पुलिस को प्रारंभिक सफलता मिल गई है। जबलपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक उमेश जोगा के दिशा निर्देश पर डीआईजी आर.आर.एस.परिहार ने वारदात की कमान संभाली। डीआईजी श्री परिहार के मार्गदर्शन में काम करते हुए पुलिस ने वारदात में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली है। पुलिस अब गिरफ्तार किए गए युवक से पूछताछ करते हुए शेष आरोपियों को गिरफ्त में लेने के प्रयास कर रही है। हालांकि पुलिस अभी मामले में किसी की भी गिरफ्तारी से इंकार कर रही है। गौरतलब है कि डेयरी संचालक के यहां डकैती की इस वारदात ने महाकोशल को हिला कर रख दिया है। हथियार बंद बदमाशों ने देररात घर में घुसकर डेयरी संचालक 45 वर्षीय मनीष शर्मा, उनकी पत्नी 40 वर्षीय पूनम शर्मा और बेटे 14 वर्षीय सत्य शर्मा को बंधक बना लिया था। बदमाशों ने तीनों पर चाकू से जानलेवा हमला किया। गंभीर चोट आने के कारण डेयरी संचालक मनीष शर्मा की उपचार के दौरान मौत हो गई। वारदात को अंजाम देते हुए बदमाश नगदी समेत एक करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के जेवर लूट ले गए। पुलिस ने हत्या व सशस्त्र डकैती का मामला धारा 458, 394 के तहत दर्ज कर लिया है। देररात पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है हालांकि अभी इसकी पुष्टि पुलिस नहीं कर रही है। उल्लेखनीय है कि कोतवाली के संतनगर आधारकाप क्षेत्र निवासी पेशे से डेयरी चलाने वाले मनीष शर्मा शेयर मार्केट का भी काम देखते थे। वे पत्नी पूनम और बेटे सत्य के साथ आधारकाप में रहते थे। सोमवार व मंगलवार की दरम्यानीरात पूरा परिवार जब सो रहा था तो देररात बदमाश घर के पीछे से भीतर घुसे और पूरे परिवार को बंधक बना लिया। नगदी व सोने-चांदी के जेवर के लिए बदमाशों ने दम्पती और उनके बेटे पर चाकू से जानलेवा हमला किया। इससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद बदमाश नगदी और जेवर लेकर भाग निकले। घायलों को एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था, वहां से जबलपुर ले जाया गया। उपचार के दौरान मनीष की मौत हो गई। पुलिस ने आज मनीष शर्मा का शवपरीक्षण कराते हुए शव अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिया है।

### तिजोरी तोड़कर निकाले नगदी व जेवर

पुलिस के अनुसार बदमाशों के घर में घुसते ही आहट पाकर मनीष शर्मा की नींद खुल गई। उन्होंने शोर मचाना शुरू किया तो बदमाशों ने पेट, कमर व अन्य हिस्से में चाकू से वार कर दिया। दूसरे कमरे में सो रही पत्नी पूनम ने अवाज सुनी तो पति को फोन किया लेकिन फोन नहीं उठा। जाकर देखा तो एक बदमाश पति के पास चाकू लेकर खड़ा था। पूनम के शोर मचाने पर बदमाशों ने उस पर भी चाकू से हमला कर दिया। तभी बेटा सत्य जागा तो बदमाशों ने उस पर भी चाकू से हमला किया। बदमाश तिजोरी से लगभग एक करोड़ रुपए के जेवरात, नगदी लेकर भाग निकले।

### आरोपियों की तलाश में चित्रकूट पहुंची पुलिस

ऊधर आईजी उमेश जोगा के निर्देश पर जबलपुर से डीआइजी राजाराम सिंह परिहार पहुंचे और जांच का मोर्चा संभाला है। डीआईजी श्री परिहार में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया, नगर पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप सिंह सहित कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह के साथ मिलकर आरोपियों को गिरफ्त में लेने की योजना बनाई और पुलिस की अलग-अलग टीम को लगाया है। आरोपियों की लोकेशन चित्रकूट में मिलने के कारण एक टीम को चित्रकूट रवाना किया गया है।

### खून से लथपथ बेटे ने पड़ोसियों को दी जानकारी

आरोपियों के भागने के बाद लहूलुहान सत्य रात पौने तीन बजे बाहर निकला और पड़ोसियों को इसकी जानकारी दी। उसने बताया कि लुटेरे घर में घुसे थे। जिन्होंने मम्मी-पापा और मुझे चाकू मार दिया है। पड़ोसी तत्काल मनीष के घर पहुंचे। रात को ही कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई तो कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर सभी को जबलपुर रिफर किया गया।

# घर में घुसकर पति-पत्नी पर जानलेवा हमला

## पुरानी रंजिश को लेकर बड़वारा के मुहास में घटना



**कटनी, यशभारत।** बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम मुहास में पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुसकर पति-पत्नी के ऊपर सब्बल से जानलेवा हमला किए जाने की घटना प्रकाश में आई है। घटना के संबंध में पीड़ित रज्जु कुम्हार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव का ही राजू, संजय और सोमवति मेरे घर में घुसकर अचानक गाली-गलौज करते हुए घर में रखे सामान को तोड़फोड़ दिया और मेरे ऊपर सब्बल से जानलेवा हमला कर दिया। वहीं बीचबचाव करने पत्नी आई तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की है। बड़वारा थाना प्रभारी रश्मि सोनकर ने जानकारी देते हुए बताया कि फरियादी रज्जू कुमार की शिकायत पर मुहास ग्राम के राजू कुमार एवं उसकी पत्नी सोमवती और पुत्र संजय कुमार के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया है।

# महुआ बीनने जंगल गई वृद्धा पर बाघ का हमला



## बरही से लगे मानपुर वनक्षेत्र के देवरी बीट की घटना

**कटनी/बरही, यशभारत।** उमरिया जिले के मानपुर वनक्षेत्र में आज 5 जुलाई की सुबह 61 साल की वृद्ध महिला बिसरती बाई बैगा पर टाइगर ने अटैक कर घायल कर दिया। यह घटना मानपुर क्षेत्र अंतर्गत देवरी बीट के कक्ष क्रमांक आरएफ-364 में घटित हुई है। बताया गया है कि बिसरती बाई बैगा निवासी देवरी उम्र तकरीबन 61 वर्ष के ऊपर बाघ ने उस वक्त हमला कर दिया जब वह महुआ फूल डोरी बिन रही थी। घटना की सूचना मिलने पर मौके से वन अमले ने पहुंचकर घायल महिला को तत्काल उपचार के लिए सामीदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर में भर्ती कराया जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। घायल वृद्धा की स्थिति गंभीर होने पर उसे चिकित्सकों द्वारा संभागीय मुख्यालय के अस्पताल शहडोल के लिए रिफर किया जा रहा था। वप विभाग द्वारा घायल महिला को तात्कालिक सहायता के रूप में 2000 की राशि मुकेश कुमार अहिरवार रेंज ऑफिसर मानपुर के द्वारा उसके परिजनों को प्रदान की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाघ के हमले से घायल महिला जंगल में महुए की डोरी बीनने गई थी तभी वहां पर छिपे हुए टाइगर ने उसपर अटैक कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई है। वहीं रेंज ऑफिसर मानपुर एम के अहिरवार ने एडवाइजरी जारी करते हुए ग्रामीणों से अपील की है कि जंगल की ओर अकेले ना जाएं क्योंकि वहां जंगली जानवरों का खतरा हो सकता है और जीवन संकट उत्पन्न हो सकता है अतः सावधान रहें सतर्क रहें और सुरक्षित रहें।

# पवन एक्सप्रेस में किशोर की मौत



**कटनी, यशभारत।** जयनगर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस के बीच कटनी होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 11062 पवन एक्सप्रेस में सफर के दौरान एक 14 वर्षीय किशोर बिहार निवासी कलामुद्दीन के जीवन का सफर थम गया। ट्रेन में अचानक किशोर की तबियत बिगड़ी और कटनी पहुंचने के पूर्व उसकी मौत हो गई। ट्रेन के कटनी पहुंचने पर जीआरपी ने किशोर का शव उतारा और जिला अस्पताल में उसका पीएम करवाया।


JOB OPENING
Requirement/Skills
1. Tally Prime, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact- Ayush Jain Mo. 8989020207

डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai) IFAAM (Germany) Fellowship in Laser and Dermatosurgery (Thailand)
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुम्बई
चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
देवपद
स्किन एवं हेयर क्लीनिक
मिलने का समय- सोमवार से शनिवार
सुबह 11:00 से 2 सायं 5:00 से 7.30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने
झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

अंजुमन इस्लामिया प्रायमरी एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल
शासकीय जिला चिकित्साय के सामने, कटनी (म.प्र.)
(कटनी शहर के हृदय स्थल में)
// सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिये सभी कक्षाओं में प्रवेश प्रारंभ है //
प्रवेश प्रारंभ | प्रवेश प्रारंभ | प्रवेश प्रारंभ
सर्व समाज के लिये स्कूल विशेषताएं:-
♦ कक्षा नर्सरी से 12वीं तक मध्यप्रदेश बोर्ड के मुताबिक साइंस, कामर्स, आर्ट्स विषय ♦ प्रशिक्षित एवं कुशल शिक्षक ♦ अन्य स्कूलों की अपेचखा कम फीस में शिक्षा एवं सुविधाएं ♦ कम्प्यूटर शिक्षा ♦ सर्व सुविधा युक्त प्रयोगशाला व लाइब्रेरी ♦ खेलकूद हेतु पर्याप्त मैदान व्यवस्था ♦ CCTV कैमरा द्वारा की सतत् निगरानी ♦ सभी छात्र-छात्राओं को शासकीय नियमानुसार छात्रवृत्ति की सुविधा।
स्कूल में शीघ्र प्रवेश लें और उत्तम शिक्षा का लाभ उठावें
प्राचार्य/हेड मास्टर
अंजुमन इस्लामिया स्कूल कैम्पस, कटनी
फोन:- 07622-400708, मोबाइल :- 9981951480, 7869230608

SYNA INTERNATIONAL SCHOOL, KATNI (M.P.)
APPLICATIONS ARE INVITED FOR THE POST OF PRT, TGT, PGT'S FROM SUITABLE CANDIDATES WITH EXCELLENT COMMUNICATION SKILLS & AT LEAST 3 YEARS OF EXPERIENCE FOR A REPUTED CBSE CO-EDUCATION BOARDING CUM DAY SCHOOL IN KATNI (M.P.)
1. PRT - English : Graduate / Post Graduate in English with B.Ed. or NTT.
PRT - Hindi : Graduate / Post Graduate in Hindi with B.Ed. or NTT.
PRT - Math : Graduate / Post Graduate with Math as one of the subjects & B.Ed. or NTT
2. TGT - Math : Graduate / Post Graduate with Math as one of the subjects & B.Ed.,
TGT - Social Science: Graduate / Post Graduate with Geography as one of the subjects & B.Ed.,
TGT - Hindi: Graduate / Post Graduate with Hindi as one of the subjects & B.Ed.
3. PGT - Maths: Post Graduate and B.Ed., PGT - Physics: Post Graduate & B.Ed.,
PGT - Chemistry: Post Graduate & B.Ed., PGT - Accountancy: Post Graduate & B.Ed.
We are HIRING
BAND MASTER, CLASSICAL & WESTERN MUSIC (INSTRUMENTAL)
COMPUTER MAINTENANCE & SYSTEM ADMINISTRATOR
THE SCHOOL SHALL OFFER AN ATTRACTIVE PAY PACKAGE & OTHER PERKS INCLUDING :
Free Accommodation, Free Meals During Term Time, Medical Insurance, Personal Accident Policy, Exemption of fee to the wards of teaching staff, PF as per government rules, Higher start for deserving candidates
Interested candidates can share their resumes with expected salary & notice period on :
ppl@synainternational.edu.in | whatsapp at +91 99775 83555






आवश्यकता है
टेली/बिजी सॉफ्टवेयर में डाटा फीडिंग करने हेतु पुरूष/महिला की आवश्यकता है।
वेतनमान 10,000/-
संपर्क मो. 9425465227

NOBLE HEART PUBLIC ENGISH MED. HIGHER SEC. SCHOOL
NURSERY, KG-I, KG-II TO 12TH CLASS
ADMISSION OPEN
10TH CLASS TOPPER 96% कटनी जिले की मैरिट में तृतीय स्थान VASHISHSHTH GURU
12TH CLASS TOPPER 92% ANUSHKA DWIVEDI
NEAR KAILWARA PHATAK, NADI PAR, KATNI Mob. 7869484013, 7389678892

सबसे अच्छा - सबसे आसान | सीधे प्रवेश की सुविधा
B.Ed. D. Pharma D.Ed.
NCTE Approved-RDVV Recognized Code - 334 Code - 2243
NCTE Approved-MP Board Recognized Code - 72203 Code - 72205
प्रवेश प्रारंभ
LL.B. · BBA · BCA · B.Com · BA · B.Sc.
M.Com · MSW · MA Edu. · PGDCA · DCA
जिले की सबसे कम फीस -सर्वश्रेष्ठ सुविधा -सबसे अच्छी पढ़ाई
SILICOBYTE KDC सिलिकोबाइट कटनी डिग्री कॉलेज
आधारकाप, नई बस्ती, कटनी 9981435977 silicobyte@yahoo.com

SAHIL SMG MOBILE GALLERY
अपने सपनों को करें साकार
आपकी मनपसंद मोबाइल अब आसान किस्तों में उपलब्ध
सभी मोबाइल कंपनियों के लेटेस्ट मॉडल उपलब्ध
0 प्रतिशत ब्याज दर मोबाइल फाइनेंस उपलब्ध
6 माह, 8 माह, 10 माह एवं 12 माह की आसान किस्त
न्यूनतम डाउन पेमेंट
तुरंत लोन अप्रूवल
अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें- मो. 09755555860
oppo vivo realme mi SAMSUNG ONEPLUS NOKIA iQOO
झूलेलाल मार्केट स्टेशन रोड, कटनी (म.प्र.)

SHRI HOSPITAL KATNI
डॉ. दीपक सक्सेना | डॉ. शोभना सक्सेना
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी बी.डी.एस./एम.डी.एस. रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक बी.डी.एस./एम.डी.एस. पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

Admission OPEN | CHADHA GROUP OF INSTITUTIONS
Accredited By NAAC
KATNI ARTS & COMMERCE COLLEGE
CHADHA COLLEGE
Your dream your expectation your success MBA
B.Com | BBA | BCA | BA |
B.Sc. | B.Sc. PCM | B.Sc. CS | MSW | B.Lib.
LL.B. | LL.M. | M.Com | PGDCA | DCA
Saraswati School Road, Nai Basti, Katni (M.P.)
Mob.: 8817403036, 88701017268

डॉ. निशा श्रीवास्तव
एमबीबीएस एमएस ईएंटी गोल्ड मेडलिस्ट
Fellowship in Skull Base Surgery; Ex surgeon AIIMS; Specialist in microscopic Ear, Head-Neck and Endoscopic sinus surgery (FESS) नाक कान एवं गला विशेषज्ञ
नाक, कान, मुंह एवं गले व थायरॉइड का ऑपरेशन व इलाज
इन लक्षण दिखने पर करें संपर्क:- कान से पानी बहना, नाक ब्लॉक, एलर्जी, आवाज में बदलाव, सिर में दर्द खर्राटे, टांसिल कानों में सीटी बजना, चक्कर आना गले व चेहरे में किसी प्रकार की गठान, थायराइड की जांच व उपचार हकलाना तुतलाना मुंह में छाले, मुंह कम खुलना व अन्य गले का कैंसर नाक कान व गले से संबंधित बीमारी के स्पेशलिष्ट प्रख्यात डॉक्टर
पता:- आरोग्य डेंटल के सामने वाणी डायग्नोस्टिक के बाजू में ओम शांति हॉस्पिटल के पास आदर्श कॉलोनी कटनी (म.प्र.) Mob:9431777003,
Email:-nisha.drent@gmail.com






स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)